# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 6 सितंबर 2025




**तापमान**

अधिकतम 30.6 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री



जूना बिलासपुर की जर्जर सड़क पर गिट्टी डालकर गड्ढों को पाटा गया।

**खबर संक्षेप**

### अग्नि दुर्घटना से बचाव के लिए अपोलो में मॉक ड्रिल

**बिलासपुर।** आगजनी की बढ़ती घटनाओं को ध्यान में रखकर लोगों में बचाव को लेकर जागरूकता लाने के लिए जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी दीपांकुर नाथ के निर्देशन में अपोलो अस्पताल बिलासपुर में शुक्रवार को फायर का मॉकड्रिल किया गया। इसमें फायर स्टेशन बिलासपुर की टीम एवं एसडीआरएफ परसदा की टीम द्वारा अपोलो अस्पताल प्रबंधन के स्टाफ, डॉक्टर, नर्स, सिक्योरिटी स्टाफ एवं जनसामान्य के सम्मुख फायर का मॉकड्रिल कर दिखाया गया। इस दौरान उन्हें फायर ट्राएंगल, आग के प्रकार, विभिन्न प्रकार के फायर एक्सटिंग्विशर, आगजनी होने पर क्या करें और क्या न करें, धुएं से बचाव आदि विषयों पर जानकारी दी गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# अब प्रत्येक स्कूल के अटल टिंकरिंग लैब में 5 घंटे प्रोजेक्ट पर होंगे काम, नहीं तो अनुदान वापस लेगा नीति आयोग

**अलग खबर**

- फिलहाल इनोवेटर और प्रोजेक्ट तो दूर कई स्कूलों में लैब तक नहीं बन सका
- हरिभूमि की खबर के बाद नीति आयोग ने कड़ा रुख अपनाया, नई गाइडलाइन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के 20 स्कूलों को अटल टिंकरिंग लैब खोलने की अनुमति नीति आयोग से मिली है। इसमें से अधिकांश केंद्र छात्रों को इनोवेटर बनाने और स्थानीय समस्याओं का समाधान ढूंढना तो दूर लैब तक नहीं बना पाए हैं, जबकि इसे संचालित करने के लिए नीति आयोग ने हर एटीएल को 12-12 लाख रुपए दिए थे। इसमें से कुछ एक को छोड़कर कोई भी काम नहीं हो सका है। हरिभूमि ने इस बारे में खबर प्रकाशित की थी। नीति आयोग ने इसे संज्ञान में लेते हुए अब कड़ा रुख अपनाया है। साफ कहा गया है कि जिस भी स्कूल और लैब में प्रोजेक्ट पर काम नहीं होगा उनसे दी गई अनुदान की राशि वापस ले ली जाएगी।



अपने इनोवेशन के लिए देशभर में पहचान बनाने वाला अटल टिंकरिंग लैब 6 महीने से बंद, मॉडल व प्रोजेक्ट पर लगा ताला

हरिभूमि में 27 अगस्त को प्रकाशित खबर।

### इनोवेशन, क्रिएटीविटी और वैज्ञानिक पहलुओं पर काम नहीं

फिलहाल जिले की बात करें तो अधिकांश स्कूल 12 लाख रुपए मिलने के बाद भी लैब निर्माण में असफल रहे हैं। इस पर नीति आयोग ने कड़ा रुख अपनाया है। स्कूलों से 11.50 फीसदी ब्याज के साथ वापस मांगी जा रही है। इसको लेकर हड़कम्प मच गया है क्योंकि यह राशि देशभर के चुनिंदा 10 हजार विद्यालयों को दी गई थी। इसका उद्देश्य छात्रों के मन में जिज्ञासा, रचनात्मकता और कल्पना को बढ़ावा देने सहित डिजाइन मानसिकता, कम्प्यूटेशनल सोच, अनुकूली शिक्षा, भौतिक कंप्यूटिंग जैसे कौशल विकसित करना था। इस असफलता को लेकर शिक्षा विभाग की ओर से भी स्कूलों से जवाब मांगा जा रहा है।

नीति आयोग ने लैब और प्रोजेक्ट को लेकर नई गाइडलाइन भी जारी की है।

ज्ञात हो कि नीति आयोग ने देशभर के स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब खोला है। इसका उद्देश्य 2027 तक देश के 2 लाख छात्रों को इनोवेटर बनाने के साथ समाज की समस्याओं के समाधान के लिए शासन पर निर्भर न रहकर खुद समाधान खोजना है।

इसके लिए जिले में नीति आयोग ने 2016 में 3 स्कूल मल्टीपरपज बिलासपुर, मल्टीपरपज स्कूल पेंड्रा, सेंट जेवियर स्कूल भरनी, 2017 में 4 स्कूल शासकीय गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल कोटा, केंद्रीय विद्यालय बिलासपुर, जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल, 2018 में 8 स्कूल भारत माता, बर्जेश गर्ल्स, शासकीय बालक स्कूल चकरभाठा, शासकीय स्कूल रतनपुर, शासकीय स्कूल उसलापुर, शासकीय स्कूल मस्तूरी, शासकीय स्कूल मिट्ठूगांव, 2019 में शासकीय स्कूल बरतोरी, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल तिफरा को केंद्र दिया।

### प्रदेश में 368 स्कूल, प्रोजेक्ट बने सिर्फ 90, शिक्षक भी नहीं

प्रदेश स्तर पर 368 स्कूलों में अटल टिंकरिग लैब खोले गए हैं। अधिकांश स्कूलों में ना लैब तो दूर की बात है इसके लिए शिक्षकों की नियुक्ति तक नहीं हो सकी है। दिखावे के लिए फिजिक्स और कैमेस्टी की प्रयोगशाला को ही एटीएल का नाम दे दिया गया है। इन्हीं प्रोफेसरों को इनोवेशन का जिम्मा भी सौंप दिया गया है। अलग से एटीएल के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। इसी कारण पिछले साल एटीएल के मैराथन प्रोजेक्ट में सिर्फ 90 इनोवेशन प्रदेश भर से गए थे। नीति आयोग के सदस्यों का कहना है कि एक स्कूल एक प्रोजेक्ट पर भी काम करता तो कम से कम 368 प्रोजेक्ट बनाए जाने थे। साफ है कि छात्रों को केन्द्र की नीति और उद्देश्यों के हिसाब से कुछ एक स्कूल ही काम कर रहे हैं।

### तकनीकी संस्थान-इंजीनियरिंग कॉलेजों से सहयोग लेंगे

अब नीति आयोग ने अटल टिंकरिंग लैब गतिविधियों को सुदृढ़ करने एवं नवाचार कार्यक्रमों में अनिवार्य भागीदारी हेतु निर्देश जारी किया है। इसके मुताबिक प्रत्येक विद्यालय में साप्ताहिक समय सारणी में न्यूनतम 5 घंटे एटीएल गतिविधियों के लिए होंगी। कक्षा 6 से 12 तक के न्यूनतम 75 छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी। इसमें छात्राएं भी शामिल होंगी। इसके साथ ही प्रत्येक एटीएल विद्यालय से न्यूनतम 5 प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में प्रस्तुत किए जाएंगे। प्रत्येक एटीएल विद्यालय से न्यूनतम 10 प्रोटोटाइप प्रस्तुत किए जाएंगें। छात्रों के मार्गदर्शन एवं परामर्श हेतु तकनीकी संस्थान-इंजीनियरिंग कॉलेजों से सहयोग लिया जाएगा। एटीएल विद्यार्थी जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं/प्रदर्शनियों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

### जारी किया गया है निर्देश

नीति आयोग ने अटल टिंकरिंग लैब गतिविधियों को सुदृढ़ करने एवं नवाचार कार्यक्रमों में अनिवार्य भागीदारी हेतु निर्देश जारी किया है। इसके मुताबिक प्रत्येक विद्यालय में साप्ताहिक समय सारणी में न्यूनतम 5 घंटे एटीएल गतिविधियों के लिए होंगी। कक्षा 6 से 12 तक के न्यूनतम 75 छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी। इसमें छात्राएं भी शामिल होंगी। इसके साथ ही प्रत्येक एटीएल विद्यालय से न्यूनतम 5 प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में प्रस्तुत किए जाएंगे।

**- वाय श्रीनिवासन,** सदस्य, नीति आयोग

### मच्छरदानी के डंडे में अटका पंखा, इंचार्ज सस्पेंड

# रनिंग रूम की छत से गिरा सिलिंग फैन, बाल-बाल बची गार्ड की जान





रेलवे रनिंग रूम में मच्छरदानी के डंडे में अटका पंखा व इनसेट में वह स्थान जहां से पंखा गिरा।

- नागपुर से बिलासपुर पहुंचे थे गार्ड
- रेल मंडल में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर स्टेशन के रनिंग रूम में आराम कर रहे नागपुर डिविजन के गार्ड की जान उस समय आफत में पड़ गई, जब चलता हुआ पंखा उनके ऊपर गिर पड़ा, स्काईलैब की तरह गिरा फैन मच्छरदानी के डंडे में अटक गया, इसलिए वे बाल बाल बच गए। एकाएक हुई इस घटना से पूरे रेल मंडल में हड़कंप मच गया। शिकायत मिलते ही अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू की है, साथ ही रनिंग रूम के इंचार्ज क्रू कंट्रोलर रविकांत को सस्पेंड कर दिया है।

गुरुवार की रात चुचुहियापारा गजरा चौक की ओर बने रनिंग रूम में नागपुर रेल मंडल में पदस्थ मेल एक्सप्रेस के गार्ड श्री दामले आराम करने के लिए गए। श्री दामले जिस कमरे में आराम कर रहे थे, वहां ऊपर में एक लोहे की रॉड में पंखा भी लगा हुआ था। चलते-चलते हुए पंखा अचानक उनके पलंग के ऊपर गिर गया। ट्रेन मैनेजर श्री दामले के भाग्य से पंखा पलंग में लगी मच्छरदानी के डंडे में अटक गया। जिससे गंभीर दुर्घटना होने से बच गई। श्री दामले के ऊपर पंखे गिरने की सूचना मिलते ही रनिंग रूम में हड़कंप मच गया। सभी आराम कर रहे कर्मचारियों ने अपने-अपने कमरों में लगे पंखों की चेकिंग शुरू कर दी। अधिकारियों के पास इसकी सूचना मिलते ही उन्होंने जांच का आदेश दे दिया है।

### इंचार्ज को किया गया सस्पेंड

सूचना मिलते ही रेल अफसरों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच शुरु कर दी। इस दौरान कई कमरों में लगे पंखे और इलेक्ट्रिकल सामान भी ढीले ढाले थे। अधिकारियों ने इसके लिए जिम्मेदार रनिंग रूम के इंचार्ज को माना। रेलवे के नियमानुसार प्रति दो से तीन माह के अंदर सभी सामानों की जांच की जानी थी, लेकिन इंचार्ज ने उसे चेक नहीं किया। इसके कारण रेल प्रशासन ने तत्काल प्रभार से रनिंग रूम के इंचार्ज को सस्पेंड कर दिया है।

# रिटायर्ड कर्मचारी के खाते से ठगों ने उड़ाए 10 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

### सिम बंद कर किया गया खेल

- अलग-अलग खाते में रखे गए थे रूपए
- सरकंडा थाने का मामला



जालसाजों ने मोबाइल का सिम बंद कर रिटायर्ड कर्मचारी के खातों से लाखों रूपए की ठगी कर ली। इस दौरान सिम चालू करने के लिए रिटायर्ड कर्मचारी ने मोबाइल दुकान, जियो सेंटर, च्वाइस सेंटर के चक्कर काटे, लेकिन इसके बावजूद उन्हें मदद नहीं मिली। इस दौरान अज्ञात चोरों ने अलग-अलग खातों में जमा रूपए ट्रांसफर कर लिया है। बंद सिम के शुरू होने पर उन्हें रूपए गायब होने जानकारी मिली, जिसके बाद सरकंडा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

राजस्व कालोनी,अशोक नगर निवासी विनोद कुमार केशरवानी आदिमजाति कल्याण विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी हैं। 16 जुलाई को उनका मोबाइल बंद था, इस दौरान सिम चालू होने के बाद उन्हें एसबीआई शाखा, यूनियन बैंक आफ इंडिया,एचडीएफसी सरकंडा, इंडसइन्ड बैंक के उनके खाते से 103662.74 रूपये कटने का मैसेज प्राप्त हुआ, इससे उन्हें आनलाइन ठगी की जानकारी मिली। पुलिस के अनुसार 15 जुलाई को उनका मोबाइल अचानक गर्म होकर बंद हो गया। इस दौरान उन्होंने जूना बिलासपुर स्थित सेमसंग सर्विस सेंटर में इसकी शिकायत की, सेंटर में उन्हें सिम में समस्या होने की बात कही गई। मोबाइल में इस दौरान 2 सिम मौजूद थे, लेकिन एक सिम्स को शुरू किया गया और दूसरे सिम के लिए जियो आफिस जाने की बात कहकर उन्हें चलता कर दिया गया। जियो आफिस में मौजूद आफिस स्टाफ ने उन्हें सिम लॉक होने की बात कहकर च्वाइस सेंटर जाने के लिए कह दिया। श्री केशरवानी ने इस दौरान च्वाइस सेंटर और डाक घर के चक्कर लगाए। आखिरकार एसईसीएल के पोस्ट आफिस में लॉक खुलवाया गया। इस दौरान उन्हें मोबाइल पर रूपए डेबिट होने की जानकारी प्राप्त हुई। इसकी पतासाजी करने के लिए वे बैंक गए, जहां बताया गया है कि उनका खाता खाली हो चुका है। एक के बाद एक 5 खातों में जमा 10 लाख रूपए से अधिक रकम ठगों ने उनके खाते से पार कर दिया है। उन्होंने पुलिस को बैंक के रिकार्ड सौंपे हैं और थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एनआईआरएफ रैंकिंग में सेंट्रल यूनिवर्सिटी के फार्मेसी संस्थान को मिली 47 वीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से देशभर के उच्च शिक्षण संस्थानों की नेशनल इंस्टीटयूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क एनआईआरएफ 2025 जारी किया गया है। इसमें बिलासपुर के विश्वविद्यालयों में गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के फार्मेसी संस्थान ने टॉप 50 में जगह बनाई है और फार्मेसी संस्थान को 47 वां रैंक मिला है। इसी तरह पहली बार जारी सस्टेनेबल डेव्हलपमेंट ग्रोथ्स एसडीजी संस्थानों में सेंट्रल यूनिवर्सिटी को 22 वां रैंक मिला है।

एनआईआरएफ रैंकिंग फ्रेमवर्क 2025 में गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के फार्मेसी संस्थान पिछले रैंकिंग से सात पायदान ऊपर आ गया है। पिछले बार के रैंकिंग में फार्मेसी संस्थान को 54 वां रैंक मिला था। लेकिन इस बार फार्मेसी संस्थान ने एनआईआरएफ रैंकिंग में छलांग लगाते हुए सीधे 47 वें रैंक पर आ गया है। इस तरह से सेंट्रल यूनिवर्सिटी का फार्मेसी संस्थान एनआईआरएफ रैकिंग के टॉप 50 में शामिल हो गया है। इस तरह से फार्मेसी संस्थान ने सात पायदान ऊपर छलांग लगाई है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी का इंजीनियरिंग संस्थान पहली बार इस रैंकिंग में शामिल हुआ, जिसमें इंजीनियरिंग संस्थान को 165 वीं रैंकिंग मिली है। शिक्षा मंत्रालय ने ओवरऑल रैंकिंग के अलावा 16 श्रेणियों में रैंकिंग जारी की है। इसमें एक नया पैरामीटर सस्टेनेबल डेव्हलपमेंट ग्रोथ्स एसडीजी जोड़ा गया है। एसडीजी संस्थानों की श्रेणी में पूरे यूनिवर्सिटी में सेंट्रल यूनिवर्सिटी को 22 वां रैंक मिला है। इस तरह से इस बार के एनआईआरएफ रैंकिंग को लेकर सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रबंधन काफी उत्साहित है और रैंकिंग से राहत महसूस कर रहा है।




### शिक्षा के केन्द्र रूप में आगे बढ़ रहे- प्रो. चक्रवाल

एनआईआरएफ रैंकिंग में गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी को बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। हमारा फार्मेसी संस्थान सात पायदान ऊपर छलांग लगाते हुए इस बार 47 वां रैंक प्राप्त किया है। इंजीनियरिंग संस्थान पहली बार शामिल हुआ था और 165 वां रैंक आया है। एसडीजी श्रेणी में पूरे भारत में हमारा यूनिवर्सिटी 22 वां रैंक प्राप्त किया है। इस तरह से हमारे यूनिवर्सिटी का रैंकिंग काबिलेतारीफ है और पूरे छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि मध्य भारत में सेंट्रल यूनिवर्सिटी शिक्षा के केन्द्र के रुप में आगे बढ़ रहा है। इस सफलता के पीछे यूनिवर्सिटी के शिक्षकों, विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं एवं अधिकारियों-कर्मचारियों की सकरात्मक सोच है।

### दूसरे विश्वविद्यालय 200 के बाहर

एनआईआरएफ रैंकिंग में बिलासपुर के गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के अलावा अन्य किसी यूनिवर्सिटी को जगह नहीं मिली है। अटल यूनिवर्सिटी रैंकिंग के मामले में 200 के बाहर है। पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी इस रैंकिंग में शामिल ही नहीं हुआ था। इसी तरह दो निजी यूनिवर्सिटी भी इस रैंकिंग से कोसों दूर हैं।

### छत्तीसगढ़ के संस्थानों के रैंकिंग

एनआईआरएफ रैंकिंग में छत्तीसगढ़ के संस्थानों में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय आईजीकेवी ने 28 वां रैंक, एम्स ने 31 वां रैंक, आईआईटी भिलाई ने 72 वां रैंक और एनआईटी ने 86 वां रैंक तथा आईआईएम रायपुर ने 15 वां रैंक हासिल किया है। इसमें मेडिकल में एम्स रायपुर ने पिछले बार की तुलना में सात पायदान ऊपर रैंक पाया है। इसी तरह आईजीकेवी ने 11 पायदान ऊपर छलांग लगाई है।

### आईआईटी मद्रास टॉप पर

एनआईआरएफ रैंकिंग ओवरऑल श्रेणी में इस बार भी आईआईटी मद्रास टॉप और दूसरे स्थान पर आईआईएससी बेंगलुरू रहा। ये दोनों संस्था लगातार सातवें वर्ष देशभर में पहले व दूसरे पायदान पर आए हैं। यूनिवर्सिटी कैटेगरी में बेंगलुरू का इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ साइंस लगातार 10 वर्षों से पहले स्थान पर है। आईआईटी बाम्बे तीसरे व आईआईटी दिल्ली चौथे पायदान पर है।




## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने किया स्वदेशी मेले के ब्रोशर का विमोचन



**बिलासपुर।** देश में स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने के लिहाज से स्वदेशी जागरण मंच द्वारा विगत कई वर्षों से प्रदेश के विभिन्न शहरों में स्वदेशी मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष 14 से 20 नवंबर के बीच बिलासपुर के साइंस कॉलेज मैदान में स्वदेशी मेला लगाया जाएगा। स्वदेशी जागरण मंच के सदस्यों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर उन्हें बिलासपुर के स्वदेशी मेला में आने का न्योता दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों में होने वाले स्वदेशी मेले के ब्रोशर का विमोचन किया। स्वदेशी जागरण मंच के संभागीय संयोजक डॉ.सुशील श्रीवास्तव ने बताया कि स्वदेशी मेला को लोगो का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। इस अवसर पर मंच के प्रदेश संयोजक जगदीश पटेल, प्रदेश संपर्क प्रमुख सुब्रत चाकी, अल्प संख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, संभागीय संयोजक बिलासपुर डॉ.सुशील श्रीवास्तव एवं बिलासपुर इकाई के संरक्षक सौमित्र गुप्ता, रायपुर के विवेक वर्धन एवं नवीन शर्मा उपस्थित रहे।

### वनपाल से उप वनक्षेत्रपाल बने जितेन्द्र बिलासपुर वनमंडल का दिया गया प्रभार

**बिलासपुर।** वन मंडल बिलासपुर में वनपाल के पद पर पदस्थ जितेन्द्र साहू की पदोन्नति उप वनक्षेत्रपाल के पद पर हो गई है, जिन्हें बिलासपुर वन मंडल का प्रभार दिया गया है। शुक्रवार को कार्यालय मुख्य वन संरक्षक बिलासपुर वन वृत्त प्रभात मिश्रा ने बिलासपुर वन वृत्त के बिलासपुर, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, मरवाही, मुंगेली वन मंडल में पदस्थ वनपाल की प्रमोशन और उनके नवीन पदस्थापना की सूची जारी की। इस सूची के अनुसार बिलासपुर वन मंडल में डिप्टी रेंजर के पद पर पदस्थ जितेन्द्र साहू का प्रमोशन कर रेंजर बनाया गया है। जितेन्द्र साहू के साथ भोगीलाल गुप्ता, धमेन्द्र कुमार शर्मा का भी प्रमोशन हुआ है।

### भाला फेंक में दंतेवाड़ा की रानू प्रथम स्थान पर



**बिलासपुर।** 22वी छत्तीसगढ़ सब जूनियर जूनियर एवं अंडर 23 राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 5 से 7 सितंबर तक बहतराई के एथलेटिक स्टेडियम में आयोजित की जा रही है। इसमें प्रथम दिन भाला फेंक की प्रतियोगिता में दंतेवाड़ा की रानू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शुक्रवार को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के उद्‌घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल ने कहा कि बिलासपुर में खेल के विकास में कोई कमी नहीं होगी। राज्य प्रशिक्षण केंद्र 27 खेलों के लिए बना है। यहां के विधायक सुशांत शुक्ला हैं, लेकिन इसकी कमी को पूरा करने के लिए बिलासपुर में प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष सुशांत शुक्ला ने स्टेडियम को और अच्छा बनाने की बात कही। प्रतियोगिता में विजेता अंडर 20 बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर राहुल कुमार वर्मा जशपुर, सौरव पाल दूसरे स्थान पर जशपुर से एवं मुकेश पाल तीसरे स्थान पर बीजापुर से रहे। अंडर 20 बालिका वर्ग 5000 मी में सोनिका राजवाड़े प्रथम स्थान पर सूरजपुर से, दूसरे स्थान पर निशा साहू राजनांदगांव तीसरे स्थान पर, लिकेश्वरी ताराम कांकेर से रही। अंडर 23 बालक वर्ग 5000 मीटर में प्रथम स्थान पर छत्रपाल राजनांदगांव से, विजय कुमार नारायणपुर से दूसरे स्थान, योगजीत कवर्धा से तीसरे स्थान पर थे। गर्ल्स अंडर 18 हाई जंप में एडविना कांत प्रथम शक्ति से किरण ध्रुव रायपुर से, दूसरे स्थान पर खिलेश्वरी खरास शक्ति से तीसरे स्थान पर रही। भाला फेक अंडर 16 बालिका वर्ग रानू भोगमी दंतेवाड़ा से प्रथम स्थान, भूमिका बीजापुर से दूसरे स्थान पर रहीं।

### अभा एथलेटिक स्पर्धा में एसईसीआर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



**बिलासपुर।** पूर्वी रेलवे खेल संघ ईआरएसए के तत्वावधान में 90वीं अखिल भारतीय अंतर रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन सांई भारतीय खेल प्राधिकरण मैदान, साल्ट लेक कोलकाता में 5 से 7 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है। अखिल भारतीय एथलेटिक चैम्पियनशिप में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के 9 खिलाड़ी भाग रहे हैं। पहले दिन ही खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में पदक अर्जित किए। 1500 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में रितेश ओरहे ने स्वर्ण पदक, डिस्कस थ्रो चक्का फेंक में प्रदीप ने रजत पदक, 1500 मीटर दौड़ महिला वर्ग में दीक्षा ने कांस्य पदक, 10000 मीटर दौड़ महिला वर्ग में मुन्नी देवी ने रजत पदक, बसंती कुमारी ने कांस्य पदक, 42 किलोमीटर मैराथन पुरुष वर्ग में अंकित ने कांस्य पदक, शॉटपुट थ्रो गोला फेंक में योगिता ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।

### राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 4 अक्टूबर से

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन बहतराई इनडोर स्टेडियम में 4 व 5 अक्टूबर को होगा। छग ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष व स्टेयरस फाउंडेशन के हेड मुकेश पुरी गोस्वामी ने बताया कि प्रतियोगिता में देश भर के 35 राज्यों से 800 से अधिक खिलाड़ी व अधिकारी भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता सब जूनियर जूनियर सीनियर महिला/ पुरुष क्योंगरी, पूमसे वर्ग के इवेंट होंगे। इसमें छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, गोवा, 35 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश सहित पुलिस, सेना, आईटीबीपी यूनिवर्सिटी, स्कूल शिक्षा सहित 40 वर्ष अधिक मास्टर ताइक्वांडो एथलीट शिरकत करेंगे। शहर के लिए गौरव की बात है कि 15 वर्षों बाद बिलासपुर में नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता पुनः आयोजित होंगी, जिससे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को ग्रामीण व शहर के खिलाड़ियों बस्तर व सरगुजा अंचल के प्रतिभावान खिलाड़ी निकल कर सामने आएंगे। छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ के पदाधिकारियों नें तैयारियां आरम्भ कर दी है।



# छठघाट में बड़ी और छोटी प्रतिमाओं का पचरीघाट में होगा विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए घाटों में पर्याप्त व्यवस्था निगम द्वारा की जा रही है। विसर्जन स्थलों में पर्याप्त रोशनी,साफ-सफाई और लाउडस्पीकर की व्यवस्था की गई है। बड़ी प्रतिमाओं के लिए छठघाट में जेसीबी क्रेन कि व्यवस्था की गई है तथा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

शहर के छठघाट,पचरीघाट,सरकंडा पुल एवं शिवघाट में विसर्जन की तैयारी की गई है। इसके लिए अपर आयुक्त खजांची कुम्हार और मुख्य अभियंता राजकुमार मिश्रा को संयुक्त रूप से नोडल ऑफिसर बनाया गया है और सभी जोन कमिश्नरों को अपने अपने क्षेत्रों के विसर्जन स्थलों पर आवश्यक अनुषांगिक व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। ज्ञात हो कि शहर में अनेक जगह और घरों में भगवान गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की गई है,अनंत चतुर्दशी के दिन से विसर्जन प्रारंभ हो जाएगा। जिसके लिए नगर निगम ने अपने सीमा क्षेत्रों के प्रमुख पचरीघाट,छठघाट, सरकंडा पुल समेत अन्य विसर्जन स्थलों में तैयारियां की है। इसके लिए पूर्व में ही अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए थे । प्रमुख विसर्जन स्थल पचरीघाट, सरकंडा पुल,छठघाट में मंच निर्माण, लाइट, बैरिकेडिंग,वाच टावर, साउंड की व्यवस्था के निर्देश संबंधित जोन को दिए गए थे। स्वास्थ्य विभाग को सफाई के भी निर्देश दिए गए है। विसर्जन स्थल में सुरक्षा के मद्देनजर गोताखोर, बोट,लाइफ जैकेट,ट्यूब जैसे सुरक्षा उपकरण के साथ नगर सेना की टीम को भी तैनात रहने के निर्देश हैं।

■ साफ-सफाई, लाइट की व्यवस्था के निर्देश

### जुलूस में शहर की विभिन्न कमेटियों के मदरसों के बच्चे एवं नागरिक शामिल हुए

# ईद मिलादुन्नबी पर शहर में निकला जुलूस, मांगी अमन-चैन की दुआ



ईद मिलादुन्नबी पर निकाले गए जुलूस का स्वागत करते मुस्लिम समुदाय के लोग।




जुलूस में शामिल समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शुक्रवार को पैगम्बर साहब के 1500वें जन्मदिन और ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर शहर में शानदार जुलूस निकाला गया, जिसका चौक-चौराहों के अलावा जगह-जगह स्वागत किया गया।

उसकी देन कमेटी के तत्वाधान में दोपहर 2 बजे सत्यम चौक से निकले जुलूस में शहर की विभिन्न कमेटियों के मदरसो के बच्चे एवं नागरिक शामिल हुए। शहर में जगह-जगह आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। जुलूस सत्यम चौक से प्रारंभ होकर अग्रसेन चौक, लिंक रोड, सीएमडी कॉलेज चौक, तारबहार चौक से होते हुए पुराना हाईकोर्ट रोड, गांधी चौक, जूना बिलासपुर, सिटी कोतवाली के सामने गोल बाजार पहुंचा। यहां पर मदीना मस्जिद गोल बाजार में अश्र की नमाज अता की गई। नमाज के बाद जुलूस आरंभ होकर सदर बाजार से होते हुए देवकीनंदन चौक से होते हुए, राजेंद्र नगर, बृहस्पति बाजार से होते हुए सिविल लाइन थाने से ईदगाह में परचम कुसाई की रस्म अदा की गई। मसानगंज मस्जिद के पेश इमाम मौलाना मुकर्रम के द्वारा मगरिब की नमाज अदा की गई। मौलाना मुकर्रम के द्वारा दुआएं खेर में हिंदुस्तान एवं छत्तीसगढ़ में अमन चैन और शांति भाईचारा कायम रहे की दुआ की गई। उसकी देन कमेटी के प्रमुख पूर्व सभापति शेख नजीरुद्दीन ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन,यातायात विभाग, नगर निगम तथा शहर में जुलूस में शामिल हुए विभिन्न कमेटियों एव शहरवासियों के प्रति आभार जताते हुए उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। तालापारा, मगरपारा, मसानगंज, जूनीलाइन, खपरगंज, जूना बिलासपुर, डबरीपारा, राजेंद्र नगर, जूनी लाइन, तोरवा, यदुनंदन नगर तिफरा, तोरवा, कासिमपारा, चुचुहियापारा गणेश नगर तथा कई जगह में मुस्लिम समाज के विभिन्न कमेटियों के द्वारा आकर्षक सजावट की गई। यंग सुनी, क्लब तैयबा चौक, यंग मुस्लिम कमेटी कुदुदंड, केजीएन एसी द्वारा लिंक रोड में जुलूस का स्वागत किया गया। जुलूस का विधायक अटल श्रीवास्तव ने राघवेंद्र सभा भवन के सामने डबरीपारा मुस्लिम कमेटी के साथ, तारबाहर व्यापारी संघ तथा रजा यूनिटी फाउंडेशन के द्वारा जुलूस का स्वागत किया। शिव टॉकीज चौक में समीम खान बाला के नेतृत्व में जुलूस का स्वागत किया गया। डीपी कॉलेज के पास ही शफीने अदब कमेटी द्वारा जुलूस का स्वागत किया गया। फजल बाड़ा मुस्लिम कमेटी जूना बिलासपुर के द्वारा आज जुलूस का स्वागत किया गया जिसमें पुष्प वर्षा के साथ मिष्ठान का वितरण किया गया। खुद्दाम मिल्लते कमेटी के द्वारा भी जूना बिलासपुर में उसकी देन कमेटी के तत्वाधान में निकले जुलूस का स्वागत किया गया। इस अवसर पर उसकी देन कमेटी के प्रमुख और पूर्व सभापति शेख नजीरुद्दीन, कमेटी के अध्यक्ष युसुफ हुसैन बंटी, एसए कादिर, अब्दुल सत्तार, निसार भाई, जावेद मेमन, जफर खान, भुट्टो राज, जफर भाई सिटी मेंन, अबरार अहमद, अब्दुल रज्जाक बड़े, जावेद भाई, अर्जुन सिंह, एस क्वार्टर रेड्डू, सफीक साबरीन, खालिद भाई, भैया खानसामा, इकलाख अली, विक्की, बबली खान, अनुराग दुबे, मनीष पटेल, लड्डू सिद्दीकी, मूसा भाई, बाबा भाई लेथ वाले, जहूर अली, सदाब ख़ान, अब्दुल करीम खान, महफूज अली, आदिल अली, शेख निजामुद्दीन, सन्नू, सैय्यद नवाब, शेख इमामुद्दीन, सैय्यद फारूक अली, आसिफ अली आदि की भूमिका रही।

■ जुलूस का जगह-जगह हुआ स्वागत

### हाईकोर्ट कर्मचारियों का नव-निर्मित आवास

# चीफ जस्टिस सिन्हा ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उच्च न्यायालय में कार्यरत न्यायिक कर्मचारियों के लिए बोदरी, बिलासपुर में नवीन निर्मित एच-टाईप की कुल 80 आवासगृहों का लोकार्पण चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा द्वारा किया गया। आबंटित आवास की चाबी संबंधित कर्मचारीगण को दी गई। इस दौरान जस्टिस नरेन्द्र कुमार व्यास, जस्टिस नरेश कुमार चन्द्रवशीं, जस्टिस दीपक कुमार तिवारी, जस्टिस संजय कुमार जायसवाल, जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल, जस्टिस अरविन्द कुमार वर्मा, जस्टिस विभू दत्त गुरू एवं जस्टिस अमितेन्द्र किशोर प्रसाद उपस्थित थे।

इस अवसर पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने कहा कि किसी भी संस्थान की वास्तविक शक्ति उनके कर्मचारी होते हैं। जब कर्मचारी सुखी और संतुष्ट होते हैं तभी वे अपने पूरे मनोयोग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर पाते हैं। सुविधाजनक आवास सबसे बुनियादी आवश्यकताओं में से एक है। यह आधुनिक और सुविधाजनक आवास उच्च न्यायालय में कार्यरत कर्मचारियों के लिए उत्कृष्ट आवासीय विकल्प प्रदान करेगा साथ ही कर्मचारियों की कार्यकुशलता एवं सुविधा में वृद्धि होने से न्यायिक कार्यवाहियों को गति प्राप्त हो सकेगी।

■ आधुनिक और सुविधाजनक आवास मिलने से समस्या होगी खत्म

#### 56 करोड में बनाए गए हैं आवास

नवनिर्मित एच-टाइप आवासगृह हेतु कुल प्रशासकीय स्वीकृति 5671.06 लाख प्राप्त हुआ था। आवासगृह में भू-तल पर पार्किंग की सुविधा के साथ-साथ प्रत्येक आवासगृह में 2 बेडरूम, किचन, मल्टीपरपस रूम, यूटिलिटी एवं दो प्रसाधन कक्ष बनाए गए हैं। इसके अलावा, सभी भवनों में लिफ्ट की सुविधा भी उपलब्ध है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के दूरस्थ जिला मुख्यालय एवं बाह्य न्यायालयों का भ्रमण कर न्यायिक अधोसंरचना एवं आवश्यक सुविधाओं का अभाव होने से पक्षकारों, अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारी एवं अधिकारियों को होने वाली असुविधा को दृष्टिगत रखते हुये दूरदर्शितापूर्ण एवं सकारात्मक सोच के प्रयास किए गए हैं।



लोकार्पण अवसर पर उपस्थित चीफ जस्टिस व अन्य।

## कांग्रेस नेताओं को दी गई भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी

**बिलासपुर।** बिलासपुर में 9 सितंबर को होने वाली रैली सभा की तैयारी को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस भवन में बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों को अधिक से अधिक भीड़ कार्यक्रम में लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस भवन की बैठक में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, सह प्रभारी विजय जांगिड़ सहित राष्ट्रीय सचिव विधायक देवेन्द्र यादव, प्रशासनिक महामंत्री मलकीत सिंह गेंदू और जिला प्रभारी सुबोध हरितवाल उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि सभा के लिए बिलासपुर का चयन किया गया है और उसके अनुरूप कार्यक्रम की सफलता की जिम्मेदारी हम सभी की है। बिलासपुर में सभी कार्यक्रम सफल होते रहे हैं उसी जज्बा से काम करना पड़ेगा। हम सभी को राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे एवं लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हाथ को मजबूत करना है। प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने कहा कि इस सभा की सफलता आप लोगों की मेहनत पर है, चूंकि अभी समय कृषि कार्य का है। उन्होंने कहा कि बूथ, सेक्टर, मंडल, ब्लॉक कमेटी बनी हुई है उन्हें भी जिम्मेदारी दी जाएगी। राष्ट्रीय सचिव विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि बिहार में सभी नियमों को नजरअंदाज कर निर्वाचन आयोग सत्ता पक्ष को लाभ पहुंचाने आतुर है जिसका विरोध कांग्रेस पार्टी करेगी। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि अब समय आ गया है कि देशव्यापी आंदोलन करें तभी लोकतंत्र और संविधान बचेगा, जिसका नेतृत्व राहुल गांधी कर रहें हैं। इस बैठक में विधायक अटल श्रीवास्तव, विधायक दिलीप लहरिया, पूर्व विधायक शैलेष पांडेय, रश्मि सिंह, सियाराम कौशिक, एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडे, आशीष सिंह, राजेन्द्र शुक्ला, प्रमोद नायक, रामशरण यादव, भरत कश्यप, नरेन्द्र बोलर, आत्मजीत मक्कड़, सिद्धांशु मिश्रा आदि उपस्थित थे।



## साढ़े तेरह को नहीं कर सकते 14 : महंत

**बिलासपुर।** भाजपा सरकार में मंत्रिमंडल विस्तार दौरान 14 मंत्री बनाए जाने को लेकर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने असंवैधानिक बताया है। उनका कहना है कि साढ़े तेरह को 14 नहीं किया जा सकता है। महंत ने चमचों वाले बयान को दोहराते हुए चम्मच हर जगह होते हैं और वे केवल अपने स्वार्थ के लिए काम करते हैं। लेकिन कार्यकर्ताओं और चम्मचों में जमीन एवं आसमान का अंतर होता है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधानसभा नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि 9 सितंबर को बिलासपुर में राहुल गांधी द्वारा चलाए जा रहे वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान तहत रैली सभा होगा, जिसमें प्रदेश प्रभारी सचिन पायलेट आ रहे हैं। हर प्रदेश में यह यात्रा हो रहा है और यहां बिलासपुर का चयन किया गया है। चम्मचों वाले बयान के सवाल पर श्री महंत का कहना है कि कार्यकर्ता और चम्मचों में जमीन व आसमान का अंतर है। कार्यकर्ता जमीन पर रहकर अपने संस्था के लिए सिद्धांतों के अनुसार काम करते हैं और समय आने पर अपने नेता को सलाह देते हैं सीखते, बताते हैं। लेकिन चम्मच साहब आसमान में उड़ते हैं उनके पांव जमीन पर नहीं रहते और चमचे अपने स्वार्थ के लिए काम करते हैं। श्री महंत ने कहा कि चम्मच केवल अपने भलाई के लिए काम करता हैं और कभी-कभी दूसरों के ईशारे पर अपने नेता को हराने के लिए भी काम करता है। अपने स्वार्थ के लिए पार्टी छोड़कर भी चले जाते हैं इसलिए चम्मचों के गलत सलाह में किसी को नहीं आना चाहिए।

प्रदेश की भाजपा सरकार में 14 मंत्री बनाए जाने के सवाल पर नेता प्रतिपक्ष श्री महंत का कहना है कि मंत्रिमंडल को लेकर संविधान में प्रावधान है कि किसी भी राज्य में 15 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। छत्तीसगढ़ में भी संसदीय सचिव के मामले में हाईकोर्ट ने कहा था 13 से अधिक मंत्री नहीं होना चाहिए। श्री महंत का कहना है कि 13.5 प्रतिशत याने साढ़े तेरह को चौदह नहीं बनाया जा सकता है। इसलिए यह मंत्रिमंडल असंवैधानिक है और संविधान की अवहेलना है।

■ चौदह मंत्री बनाए जाने को बताया असंवैधानिक

### दिल्ली में आयोजित हुआ विमोचन समारोह

# संतोष चौबे के कहानी संग्रह गरीब नवाज का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




वरिष्ठ कवि कथाकार, निदेशक विश्व रंग एवं डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे की ताजा कहानी संग्रह गरीब नवाज का विमोचन एवं पुस्तक चर्चा का आयोजन साहित्य अकादमी दिल्ली के सभागार में समारोहपूर्वक किया गया। यह महत्वपूर्ण आयोजन वनमाली सृजन पीठ दिल्ली एवं राजकमल प्रकाशन समूह, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

गरीब नवाज का विमोचन सुप्रसिद्ध कथाकार ममता कालिया के आत्मीय सान्निध्य में और वरिष्ठ रचनाकार जानकी प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में अतिथियों ने किया। इस अवसर पर संतोष चौबे ने अपने ताजा कहानी संग्रह से ग़रीब नवाज़ कहानी का बेहतरीन पाठ किया। उन्होंने कहा कि पठनीयता को लेकर मैं हमेशा सजगता बरतता हूं। कहानी पढ़ते समय पाठक पहले ही वाक्य से कहानी के भीतर प्रवेश करें और फिर उसे पूरा पढ़कर ही रहें। सुप्रतिष्ठित कथाकार ममता कालिया ने कहा कि आज हम सुप्रसिद्ध कथाकार संतोष चौबे से मुखातिब है, वे सामाजिक सरोकारों और मानवता की पक्षधरता के प्रति काफी सजग है। ग़रीबनवाज़ एक यथार्थवादी कहानी है। इसके अपने सामाजिक सरोकार हैं। अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार जानकी प्रसाद शर्मा ने कहा कि संतोष चौबे की कहानियों की सबसे बड़ी विशेषता है उनकी असाधारण पठनीयता का होना। उनकी कहानियाँ पाठक को पहले ही वाक्य से अपने संगसाथ बहाकर ले जाती है। वरिष्ठ आलोचक संपादक अखिलेश ने कहा कि संतोष चौबे की कहानी यथार्थ की गहनता और व्याप्ति में जाकर सत्य को आख्यान में रूपांतरित करने का जतन करती है। वरिष्ठ आलोचक विनोद तिवारी ने कहा कि इस संग्रह की खुबसूरती यह हैं कि जब कभी लंबी कहानियों का इतिहास बनेगा तो इन्हें जरूर रेखांकित किया जाएगा। लोकार्पण समारोह में स्वागत उद्बोधन वरिष्ठ कवि एवं वनमाली सृजन पीठ दिल्ली के अध्यक्ष लीलाधर मंडलोई ने दिया। अतिथियों का स्वागत वनमाली सृजन पीठ की राष्ट्रीय संयोजक एवं आईसेक्ट पब्लिकेशन की प्रबंधक सुश्री ज्योति रघुवंशी ने किया। संचालन युवा रचनाकार प्रांजल धर, युवा कथाकार एवं वनमाली कथा के संपादक कुणाल सिंह ने किया। आभार राजकमल प्रकाशन समूह के अशोक माहेश्वरी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर दिल्ली एनसीआर से बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं युवा रचनाकारों तथा साहित्यप्रेमियों ने रचनात्मक भागीदारी की।

### गौधाम संचालन के लिए संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित

**बिलासपुर।** गौधाम संचालन के लिए संस्थाओं एवं फर्मों से 30 सितम्बर तक प्रस्ताव आमंत्रित है। इच्छुक संस्थाएं ओल्ड कम्पोजिट बिल्डिंग स्थित संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं कार्यालय में आवेदन प्रस्ताव दे सकती हैं। प्रथम चरण में प्रत्येक विकासखण्ड में 10-10 गौधाम शुरू करने की योजना है। संयुक्त संचालक सह पदेन सचिव जिला सशक्त समिति डॉ. जी.एस. तंवर ने बताया कि गौधामों का संचालन पांच वर्षों के लिए पीपीपी मोड पर किया जाएगा। इच्छुक संस्थाओं का पंजीयन होना चाहिए। एनजीओ, स्वयं सेवी संस्था, ट्रस्ट, एफपीओ, सहकारी समितियां गौधाम संचालन के लिए पात्रता रखती है। आवेदन पत्र के साथ संबंधित ग्राम पंचायतों के द्वारा पूर्व में संचालित गौठान को गौधाम योजना अंतर्गत एनजीओ, एसएचजी, एफपीओ, सहकारी समिति से संचालन कराने की सहमति/प्रस्ताव संलग्न करना अनिवार्य होगा। आवेदन स्थानीय पशु चिकित्सा अधिकारी की अनुशंसा सहित संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं कार्यालय ओल्ड कम्पोजिट बिल्डिंग में जमा करना होगा।

## खबर संक्षेप

### ब्लॉक पत्रकार संघ ने की बिल्हा विधायक धरमलाल से मुलाकात



**बिल्हा।** हावड़ा-मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर स्थित बिल्हा रेल्वे स्टेशन पर चार यात्री एक्सप्रेस ट्रेन सारनाथ, कुर्ला-हावड़ा, इंटरसिटी व शिवनाथ एक्सप्रेस का ठहराव शुरू होने पर पत्रकार संघ के पत्रकारों ने विधायक धरमलाल कौशिक से बिल्हा रेस्ट हाऊस में भेंट की। इस अवसर पर सभी ने ट्रेन के ठहराव को लेकर विधायक को बधाई दी। साथ ही लिंक एक्सप्रेस व अंबिकापुर एक्सप्रेस, जिसका बिल्हा में पहले से ही ठहराव था, उसे अधिक समय तक रोकने का अनुरोध किया गया। साथ ही बिल्हा के विकास के बारे में चर्चा की गई।

### भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ



**बेलतरा।** शिक्षाविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता भूपेंद्र गौरहा के पिता स्वर्गीय राघव वल्लभ गौरहा की वार्षिक श्राद्ध निमित्त ग्राम उरतुम में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। परिवार समाज एवं ग्राम से सैकड़ों माताएं ग्राम के तालाब से मंत्रोच्चार के साथ जल भरकर यज्ञ स्थल पहुंचीं। इसके बाद व्यास पीठ पर पंकज भूषण मिश्रा ने कथा आरंभ कराई। आयोजन के मुख्य यजमान भूपेंद्र-वीणा गौरहा एवं जितेंद्र-विभा गौरहा हैं। परायणकर्ता में विकास शर्मा, रोशन तिवारी और प्रशांत गौरहा हैं। उक्त कार्यक्रम में गांव से सैकड़ों लोग उपस्थित रहे, जिसमें हर नारायण गौरहा, सनत शुक्ला, संतोष उपाध्याय, यह, शुभ, श्वेता गौरहा एवं अन्य शामिल थे।

### अग्रसेन कॉलेज में रोपे गए तुलसी के पौधे



**बिल्हा।** शिक्षक दिवस के अवसर पर अग्रसेन महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर निर्माण की दिशा में विशेष पहल की गई। महाविद्यालय के प्रवेश द्वार के दोनों ओर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी खगेश कुमार ने अपने परिवार सहित लगभग 100 तुलसी के पौधों का रोपण किया। इस पौधरोपण कार्यक्रम के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सावित्री त्रिपाठी एवं महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी ने कार्यक्रम अधिकारी के परिवार की प्रशंसा की एवं स्वयं भी भविष्य में ऐसी पहल करने के लिए संकल्प लिए।

### बिना सूचना नेशनल हाइवे पर प्रदर्शन, जुर्म दर्ज



**लोरमी।** बिना सूचना दिए अवैध रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीम आर्मी ब्लॉक अध्यक्ष सुमीत कोसले के नेतृत्व में महासचिव सोन कुर्रे, संजीत बर्मन, संजू बंजारा, किशन, रघु बंजारे, रामनाथ कोशले, लव सतनामी, हरेशा बंजारा, विरेन्द्र धृतलहरे सहित अन्य लोगों द्वारा थाना चिल्फी के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग लोरमी-पंडरिया रोड पर चक्काजाम किया गया। इससे आवागमन बाधित हुआ एवं आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उपरोक्त प्रदर्शन करने वालों के विरूद्ध चिल्फी पुलिस ने बीएनएस की धारा 126(1), 190 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया।

### प्रांशु ने प्राप्त ली एमटेक की उपाधि, मिला गोल्ड मैडल



**मुंगेली।** नगर के सुरेन्द्र सोनी के पुत्र एवं पूर्व एल्डरमेन चंद्रिका सोनी के भतीजे प्रांशु सोनी ने अपनी मेघा और कड़ी मेहनत से प्रतिष्ठित आईआईटी रुड़की से एमटेक की उपाधि प्राप्त की है। विशेष गौरव की बात यह है कि, उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल भी हासिल किया है। प्रांशु की इस सफलता से न केवल परिवार में गर्व का वातावरण है, बल्कि पूरे सोनार समाज और जिले का नाम भी रोशन हुआ है।

### युवकों ने की दुकानदार की पिटाई, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** दुकान बंद हो जाने के बाद दुकानदार द्वारा समान देने से मना करने पर युवकों ने दुकानदार की पिटाई कर दीजानकारी के अनुसार ग्राम लिम्हा निवासी ओंकार यादव बीएससी अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहा है और अपने पढ़ाई का खर्च निकालने के लिए गांव में दुकानदारी करता है पास में ही युवकों ने गणेश जी की मूर्ति स्थापना की है। पढ़ाई करने के नाम से दुकान को 10 बजे बंद कर घर जा रहा था तभी गांव के ही महेंद्र और सूरज कैवर्त दुकान के पास आए और बोले की समान चाहिए कि जिस पर उसने बताया कि दुकान बंद हो चुकी है अब नही खुलेगा। इस बात को सुनकर दोनों युवकों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115, 2 296, 3, 5 351, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

---

### विकासखण्ड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में शामिल केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू

# शिक्षा के महत्व को सम्मानित करने का उत्सव है शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

शिक्षक दिवस पर कृषि उपज मंडी प्रांगण में विकासखण्ड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 21 सेवानिवृत शिक्षकों के साथ लगभग डेढ़ हजार शिक्षकों को सम्मानित किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं क्षेत्रीय विधायक धर्मजीत सिंह के मुख्य आतिथ्य तथा भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक की अध्यक्षता एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि शिक्षक दिवस राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षकों के योगदान, राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका और समाज में शिक्षा के महत्व को सम्मानित करने का एक राष्ट्रीय उत्सव है। यह दिन छात्रों को शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने, शिक्षण पेशे को बढ़ावा देने और शिक्षक छात्र संबंधों को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। क्षेत्रीय विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि शिक्षकों का दायित्व मानवता का शिखर इसलिए कहलाता है क्योंकि शिक्षक न केवल ज्ञान देते हैं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण कर बेहतर इंसान और समाज निर्माता भी बनाते हैं। वे छात्रों को अच्छे मूल्य, सामाजिक जिम्मेदारी और देश हित की भावना सिखाकर भावी पीढ़ी को समाज मे सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक ने सावित्री बाई फूले की कर्तव्य परायणता तथा भारत की शिक्षा नीति को सुदृढ़ बताया। जिला प्रभारी भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ दिनेश राजपूत ने कहा कि शिक्षक दिवस हमें अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। जनपद अध्यक्ष डॉ. माधवी वस्त्रकार ने कहा कि शिक्षक समाज का आईना होता है और वह अपने जैसे एक स्वच्छ समाज का निर्माण करता है। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, जिला प्रभारी भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ दिनेश राजपूत, विक्की सिंह, सभापति जिपं भारती नीरज माली, सभापति जिपं अम्बिका विनोद साहू, बंशी पांडे, प्रदीप कौशिक, अरुण चौहान, पन्ना कोसले, वरुण सिंह, नैन लाल साहू, विनोद यादव, दिनेश साहू, रवि मेहर, संतोष वस्त्रकर, ग़रीबा यादव, मनीष तिवारी, अजय यादव, सरजू यादव, ऋषभ कश्यप, श्याम सिंह ध्रुव, मनहरण कौशिक, रवि सोनी, अंकित अग्रवाल, श्याम सुन्दर कश्यप अध्यक्ष सरपंच संघ, राहुल तिवारी, राज साहू, देवी साहू, शिव कुमार कंवर अनुविभागीय अधिकारी,सत्यव्रत तिवारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अमरेश सिंह मुख्य नगरपालिका अधिकारी दीपक यादव, कृष्णा यादव, दीपक रजक, परस कौशिक, बल्लू पटेल, संतोष कश्यप, विजय जाटवर, मनोज पवार, राकेश डहरे, हीरा लाल जांगड़े, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नितेश सिंगरौल, मृत्युंजय पाठक एवं आभार प्रदर्शन जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने किया।



समारोह में शिक्षकों का सम्मान करते केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विधायक धर्मजीत सिंह।

#### इन्हें सम्मानित किया गया

सीएल कैवर्त्त, आरके तिवारी, डीआर कर्ष, एनएल वस्त्रकार बीएल तिवारी करमू सिंह, ईश्वर भारती,उमर कुरैशी, भागवत श्रीवास, मनीराम यादव, अमरजीत इच्छपुरानी, कुलदीप सिंह, मंशा राम खांडे, वीर सिंह सेन, पीआर कौशिक, विद्यानंद साहू, चंद्रकान्त उपाध्याय, राजकुमारी शर्मा, प्रतिभा चौहान, दुर्गावती प्रधान का सम्मान किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित विधायक धरमलाल कौशिक।

## सशक्त राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान: कौशिक

**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक बिल्हा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चकरभाठा में शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्यतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने शिक्षकों को उनकी असीम सेवा एवं योगदान के लिए शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज में शिक्षकों की अग्रणी और महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही सच्चे राष्ट्र निर्माता होते हैं। वे देश को ऐसे राष्ट्रभक्त नागरिक देते हैं, जो आगे चलकर समाज और राष्ट्र की उन्नति में योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार दीपक स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है, उसी प्रकार शिक्षक भी अनेक कठिनाइयों के बावजूद ज्ञान का उजाला फैलाते हैं। यह अवसर शिक्षकों के प्रति सम्मान, आदर और उनके अथक प्रयासों को सराहने का एक विशेष मंच प्रस्तुत करता है। शिक्षकों ने शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर समर्पण और उत्कृष्टता का परिचय दिया है, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होता है और समाज में शिक्षा की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक अपने ज्ञान से न केवल बच्चों को संस्कारित एवं शिक्षित कर उनके भविष्य को संवारता है, बल्कि एक सशक्त राष्ट्र को आकार देने में भी महान योगदान देता है। शिक्षकों कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं होती, बल्कि वे चरित्र तथा राष्ट्र निर्माण और समाज में नई चेतना जगाने का कार्य करते हैं।

### विद्यार्थियों के जीवन से प्रदर्शित होती है शिक्षक की ऊंचाई



**मस्तूरी।** ब्रह्माकुमारीज प्रभु अनुराग भवन में शुक्रवार को शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षक दिवस पर उपस्थित शिक्षकों व बच्चों को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा ने कहा कि डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन कहा करते थे कि राष्ट्र का निर्माण कक्षा में होता है ना कि सांसद में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों द्वारा लिया गया एक श्रेष्ठ संकल्प भी विश्व परिवर्तन में अहम भूमिका निभाता है। शिक्षक दीपक के समान है जो अंधेरे में रहकर दूसरों को प्रकाश देते हैं। एक शिक्षक की ऊंचाई अनंत है, शिक्षक की अनंतता उसके विद्यार्थियों के जीवन से परिलक्षित होती है। इसके बाद शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सेवानिवृत शिक्षक खोलबहरा राम धैर्य ने अपने जीवन की अनेक विकट परिस्थितियों के बीच पढ़ाई कर शिक्षक बन समाज के लिए बड़ा बदलाव लाने का अनुभव साझा किया। शास पूर्व मा शाला पोंडी भाठा अकलतरा महेंद्र थवाइत ने मेडिटेशन सीखने इच्छा जताई। रत्ना सोनी शिक्षिका ने कहा कि ईश्वरीय विद्यालय में आकर यहां की वायुमंडल वाइब्रेशन से मुझे बहुत खुशी का अनुभव हो रहा है। इस अवसर पर रामनाथ सोनी, दिनेश कुंभकार, सुशील सोनी अन्य लोग उपस्थित रहे।

### मेडिकल टीम ने प्रधान पाठक सोनी को किया सम्मानित



**लोरमी।** शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शासकीय प्राथमिक शाला जमुनाही के प्रधान पाठक कृष्ण कुमार सोनी को शिक्षक दिवस के अवसर पर लोरमी मेडिकल टीम ने शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि, प्रधान पाठक कृष्ण कुमार सोनी कोरोना काल में भी मोहल्ला क्लास लगाकर शिक्षा की अलख जगाने का कार्य किया है। उन्होंने नवाचारी के माध्यम से बच्चों को रोचक ढंग से शिक्षा प्रदान की है, जो कि प्रेरणा दायक है कार्य है। प्रधान पाठक कृष्ण कुमार सोनी ने कहा कि, हमारे जीवन में यदि कोई व्यक्ति दिशा बदल सकता है तो वह है शिक्षक। माता पिता हमें जन्म देते हैं, लेकिन जीवन जीने का ढंग सोचने का तरीका और सही रास्ता शिक्षक ही दिखाते हैं।

### कोदवाबानी में उत्साह के साथ मना शिक्षक दिवस

**मुंगेली।** सरस्वती शिशु मंदिर कोदवाबानी में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर शिक्षक दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्य बलवंत सिंह राजपूत ने कहा कि, साथियों, शिक्षक दिवस का दिन अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान व आभार प्रकट करने का दिन है। शिक्षक ही हमारे जीवन से अज्ञानता के अंधकार को दूर कर उसे ज्ञान के प्रकाश से भरते हैं।



### पुलिस सहायता केंद्र में किया गया शिक्षकों का सम्मान



**मल्हार।** देश के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर शुक्रवार को पुलिस सहायता केंद्र मल्हार में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर अवकाश प्राप्त प्रधान पाठकों सहित 9 शिक्षकों का सम्मान तिलक व फूल माला के साथ किया गया। साथ ही सभी को श्रीफल व उपहार स्वरूप डायरी, पेन आदि भेंट किया गया। सहायता केंद्र प्रभारी एसआई ओंकार धर दिवान ने अपने स्टाफ के साथ यह उत्कृष्ट कार्य कर रचनात्मकता की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में राज्यपाल से पुरस्कृत अवकाश प्राप्त अकत राम सिन्हा, अवकाश प्राप्त शेषनारायण गुप्ता, प्रधानपाठक जगदीश साहू, सहायक शिक्षक दीपक जायसवाल, प्रदीप वैष्णव, करुणेश नापित, भारत पटेल, रामायण भैना एवं आकाश केवट शामिल हैं।

### शिक्षक दिवस पर छात्राओं को सायकल वितरित



**सीपत।** शासकीय हाई स्कूल पोड़ी में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सायकल वितरण योजना के तहत कक्षा 9वीं की छात्राओं को सायकल वितरित की गई। इस अवसर पर शिक्षक दिवस भी बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने केक काटकर शिक्षकों का सम्मान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शाला विकास समिति के अध्यक्ष रामकुमार कुंभकार, विधायक प्रतिनिधि किशन धूलिया, सदस्य सुरेश पटेल, पन्नालाल यादव, तिहारीन बिंझवार, प्राचार्या गायत्री कौशिक, शैक्षिक संकुल समन्वयक रामबाबू कर्ष, व्याख्याता अनुराधा कौशिक, सुनीता साहू, शिक्षक पुरन यादव, चंद्रहास श्रीवास, संतोष धीवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व नागरिक उपस्थित रहे। एसएमडीसी के अध्यक्ष रामकुमार कुंभकार ने कहा कि, मुख्यमंत्री सायकल योजना छात्राओं को शिक्षा से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास है। आज की बालिकाएं कल समाज और देश का भविष्य हैं। यह सायकल सिर्फ एक साधन नहीं बल्कि उनके आत्मनिर्भरता और तरक्की की ओर बढ़ते कदम का प्रतीक है। विधायक प्रतिनिधि किशन धूलिया ने कहा कि, बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए शिक्षा सबसे आवश्यक है। अनुशासन, मेहनत और गुरुजनों के मार्गदर्शन से जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

## परशुराम भवन प्रांगण में अतिरिक्त भवन का भूमिपूजन



**बोदरी।** बोदरी स्थित परशुराम भवन प्रांगण में 3 अगस्त बुधवार को पूर्व पार्षद निधि मद से अभिषेक दुबे ने 2 लाख पचास हजार रूपए, विजय वर्मा ने 1 लाख रूपए, अशोक जोतवानी ने 1 लाख रूपए एवं आशीष खत्री ने 50 हजार दिए। इस तरह कुल 5 लाख रुपए की राशि से अतिरिक्त भवन निर्माण का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर वार्ड नं 14,11, 2, 3, 8, 7 के वर्तमान पार्षद विजय वर्मा 2 लाख रुपए, रोहित साहू, शिमला सुनील वर्मा, फिरतू राम बनवारे व श्याम आर्य ने 1-1 लाख रुपए एवं भावना आशीष खत्री ने 50 हजार रुपए देने की घोषणा की।

आचार्य पंडित दिनेश कुमार दुबे ने बताया कि, भूमिपूजन की तैयारी सुबह से ही कर ली गई थी, जिसमें लक्ष्मी नारायण दुबे, अशोक तिवारी, दिनेश पांडे, राजेश उपाध्याय, राजेंद्र शुक्ला, राजेश शर्मा, सुरेन्द्र पांडे, नरेंद्र दुबे, हेनाथ शर्मा, ब्रजेश शर्मा, कुशल पाण्डे, दिवाकर दुबे, अभिषेक दुबे, राजकुमार उपाध्याय, राकेश मिश्रा, प्रहलाद उपाध्याय, मंटू तिवारी, हरि चौबे, सुमित पांडे, अजय पांडे, दीपक चौबे, अनुराग उपाध्याय, रुद्राक्ष दीक्षित एवं नगर पालिका बोदरी परिषद से मुख्य अभियंता कृष्णानंद उपाध्याय अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पार्षद सभापति विजय वर्मा, पूर्व अध्यक्ष परदेशी ध्रुवंशी, उपाध्यक्ष शिमला सुनील वर्मा, अशोक जोतवानी, फिरतू राम बनवारे, श्याम आर्य, गुड्डू आशीष खत्री, सुरेश केवट, मुकेश वाधवानी, सुनील वर्मा, दीपक जगवानी, राजा साहू, हीरा लाल लोधी, लक्ष्मी नारायण मरावी, विष्णु साहू, जोहित राम, अतुल ध्रुव सहित बड़ी संख्या में नगर के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

## नाली नहीं बनने से लोगों के घरों में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरमपुरा

बुधवार रात लगातार हुई तेज बारिश के कारण गांधी नगर के कई घरों में पानी भर गया। ज्ञात हो कि, पिछली गर्मी में सिंचाई विभाग द्वारा धरमपुरा बस स्टैंड के पास काडा नहर में नाली पिचिंग का कार्य किया गया, जो धरमपुरा बस स्टैंड से गांधी नगर मिनीमाता हॉस्टल के पास तालाब पार तक बनाया गया था।

सड़क एवं घरों का बरसाती पानी काड़ा नाली में बहकर गांधीनगर तालाब पार के पास जमा हो जाता है। चूंकि सिंचाई विभाग की ओर से आगे नाली निर्माण नहीं किया गया, जिसके कारण तालाब के आसपास रहने वाले लोगों के घरों एवं बाड़ियों में जल भराव हो रहा है एवं उन्हें भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। गांधीनगर की सवाना बाई ने बताया कि, गांधीनगर के दिनेश मिश्रा, बद्री सिंह ठाकुर तथा सवाना बाई के घर एवं बाड़ी में जलभराव हो गया है, जिसके कारण विषैले जीव-जंतुओं के घर में घुसने की आशंका से भय का माहौल है। जल भराव से प्रभावित लोगों ने जिला प्रशासन से इस समस्या के निदान के लिए काड़ा नाली को आगे बढ़ाते हुए जल निकासी की शीघ्र व्यवस्था करने की मांग की है।



#### पहले का है निर्माण

यह निर्माण उनके इंचार्ज लेने का पूर्व का है। वर्तमान में जल निकासी के लिए ठहरे हुए पानी को रेगुलेट करना जरूरी है। नहर का पानी नहीं जा रहा है, सहायक नाली का गेट बंद है।

**- दिव्या पटनायक,** सब इंजीनियर


## क्यूआर कोड से ली जा सकेगी मनरेगा कार्यों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के कार्यों में पारदर्शिता और जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन मुंगेली ने नई पहल की है। जिले की सभी 367 ग्राम पंचायत भवनों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर विशेष क्यूआर कोड लगाए जा रहे हैं।

इन क्यूआर कोड्स को किसी भी आमजन द्वारा अपने मोबाइल से स्कैन करने पर संबंधित ग्राम पंचायत में पिछले 3 वर्षों में हुए मनरेगा कार्यों की पूरी जानकारी सामने आ जाएगी। इसमें स्वीकृत कार्यों की संख्या, पूरा हुए कार्य, जारी भुगतान की स्थिति और भौतिक प्रगति जैसी अहम जानकारियां उपलब्ध होंगी। पारदर्शिता और जवाबदेही की ओर कदम क्यूआर कोड व्यवस्था से ग्रामीण अब सीधे मनरेगा कार्यों की प्रगति देख पाएंगे। इससे अधिकारियों और पंचायत की जवाबदेही तय होगी और कार्यों में पारदर्शिता आएगी। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने बताया कि मनरेगा के कार्यों में पारदर्शिता और जनभागीदारी के लिए आयुक्त मनरेगा के निर्देश में क्यूआर कोड लगाए जाने की शुरुआत की गई है। इसके तहत जिले की 367 ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में क्यूआर कोड लगाए जा चुके हैं। यह पहल ग्रामीणों को उनके अधिकारों की जानकारी देने और योजनाओं में उनकी सीधी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए की गई है। जो राज्य सरकार की 'पारदर्शी शासन-जनभागीदारी' की सोच को आगे बढ़ाता है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने कहा कि, सभी ग्राम पंचायतों के ग्राम पंचायत अथवा शासकीय भवनों में क्यूआर कोड्स लगवाए जा रहे हैं, इन क्यूआर कोड्स को मोबाइल से स्कैन करके एक क्लिक में मनरेगा कार्यों की 3 वर्षों की जानकारी स्वीकृत और पूर्ण कार्यों की सूची, भुगतान की स्थिति, पंचायत के विकास कार्यों का जानकारी ग्रामीण ले सकेंगे।

इस पहल से न केवल कार्यों की निगरानी आसान होगी, बल्कि ग्रामीण अपने पंचायत में हुए विकास कार्यों से अवगत रहेंगे, और किसी भी गड़बड़ी की सूचना भी सीधे जिला प्रशासन तक पहुंचा सकेंगे।




पंचायतों में लगाए जा रहे क्यूआर कोड।


**न्यायालय तहसीलदार, बिल्हा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक / /क/वा./तह./2025
बिल्हा, दिनांक-22.07.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नोवा आयरन एण्ड स्टील लिमिटेड दगौरी डायरेक्टर दिनेश कुमार यादव पिता कुलदीप सिंह यादव निवासी ग्राम दगौरी के द्वारा ग्राम अमेरी अकबरी प.ह.नं. 20, तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 879 रकबा 7.811 हे./19.30 एकड़ में से रकबा 0.16 हे./0.40 एकड़ को आबंटन हेतु आवेदन प्रस्तुत किये जाने से जांच एवं कार्यवाही हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिल्हा से प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 09.09.2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि पश्चात दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**बिल्हा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायलय तहसीलदार, बिल्हा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक / /क/वा./तह./2025
बिल्हा, दिनांक-22.07.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका आरती कोटेड स्टील प्रायव्हेट लिमिटेड अमेरी अकबरी प्रोपराईटर श्री राजेन्द्र कश्यप पिता आर.एस. कश्यप निवासी ग्राम खोखरा जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा द्वारा ग्राम अमेरी अकबरी प.ह.नं. 20, तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 731, 732, 733 रकबा क्रमशः 0.1780, 0.2100, 0.3240 हे. को आबंटन हेतु आवेदन प्रस्तुत किये जाने से जांच एवं कार्यवाही हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिल्हा से प्राप्त हुआ है।

अत: उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 09.09.2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**बिल्हा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**


## निधन

### संतोष श्रीवास



**बिलासपुर।** अशोक नगर (जलसों वाले) संतोष श्रीवास का निधन हो गया है। वे 70 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे चंद्रकांत श्रीवास के पिता एवं भीम, अर्जुन श्रीवास के बड़े भाई थे।

### भानु प्रताप सिंह गौतम



**बिलासपुर।** सत्यम बिहार कॉलोनी अरविंद नगर निवासी भानु प्रताप सिंह गौतम का 66 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 5 सितंबर को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे वीरेंद्र सिंह (सोनू) के पिता और उजागर सिंह गौतम, आरपी सिंह के (छोटे भाई) गजराज सिंह, शरद सिंह के बड़े भाई एवं संजय सिंह, रंजीत सिंह, पत्रकार पवन सिंह, नितिन सिंह, नवीन सिंह के चाचा थे।

### गोकुल प्रसाद नेताम



बिलासपुर। ग्राम सिलपहरी बिल्हा निवासी गोकुल प्रसाद नेताम का 3 सितंबर को स्वर्गवास हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम सिलपहरी में परिवारजन, रिश्तेदारों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में किया गया।

### रामेश्वर गुप्ता



**बिलासपुर।** रतनपुर नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं वर्तमान में राजेन्द्र नगर बिलासपुर निवासी, रतनपुरिहा कसौंधन वैश्य महासभा के पूर्व उपाध्यक्ष व बिलासपुर तेलीपारा स्थित श्री राम ट्रेडर्स के संचालक रामेश्वर गुप्ता का 5 सितंबर की रात करीब 7 बजे रायपुर में निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे। वे महेन्द्र, मधु गुप्ता के पिता, कृष्ण कुमार, रामकुमार एवं कीर्ति गुप्ता के बड़े भाई थे। उनका अंतिम संस्कार 6 सितंबर को सुबह 11 बजे सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शनिवार 6 सितंबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

## विदा हो रहे विघ्नहर्ता













# मोहनभाठा पहुंचा दुर्लभ प्रवासी पक्षी कैस्पियन प्लोवर

**रूस, कजाकिस्तान, मंगोलिया के खुले घास के मैदानों और स्टेपीज में पाया जाता है पक्षी**



**बिलासपुर।** मोहनभाठा कहने को तो बंजर भूमि है मगर प्रवासी, अप्रवासी पक्षियों के अलावा अन्य जीव जंतुओं के लिए यह जन्नत से कम नहीं है। वाइल्ड लाइफ फोटोजर्नलिस्ट सत्यप्रकाश पांडेय ने बेहद दुर्लभ प्रवासी कैस्पियन प्लोवर की तस्वीरें अपने कैमरे में कैद की हैं। इस पक्षी का मोहनभाठा में दिखाई देना किसी आश्चर्य से कम नहीं है। अनुकूल परिस्थितियां देखकर यह पक्षी मोहनभाठा में उतरा है। इस बेहद खास और दुर्लभ पक्षी का छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे मध्य भारत में यह पहला रिकॉर्ड है। इसे जब किसी फोटोग्राफर ने तस्वीरों और वीडियो में रिकार्ड किया है। इस पक्षी के बिलासपुर जिले की सरहद में उतरने की खबर जब पक्षी मित्रों के बीच फैली तो मोहनभाठा में पक्षी प्रेमियों और फोटोग्राफरों का सुबह से देर शाम तक मजमा लगा रहा। छत्तीसगढ़ के अलावा सेन्ट्रल इंडिया में दुर्लभ प्रवासी कैस्पियन प्लोवर की तस्वीरें खींचने का पहला मौका श्री पांडेय को मिला। यह पक्षी आमतौर पर यहां सिर्फ सर्दियों या प्रवास के दौरान थोड़े समय के लिए दिखाई देता है। भारत में इसकी रिपोर्ट बहुत कम होती है, इसलिए पक्षी प्रेमियों के लिए यह एक स्पेशल साइटिंग होती है। यह पक्षी मध्य एशिया विशेषकर कैस्पियन सागर के आसपास, रूस, कजाकिस्तान, मंगोलिया के खुले घास के मैदानों और स्टेपीज में पाया जाता है। सर्दियों में यह अफ्रीका (पूर्वी और दक्षिणी भाग) तथा भारतीय उपमहाद्वीप तक प्रवास करता है। अब तक भारत में इस दुर्लभ प्रवासी पक्षी को दिल्ली, गोवा, महाराष्ट्र, पुडुचेरी, तमिलनाडु, केरल, मुंबई और गुजरात में रिकार्ड किया गया है।

### शिक्षक दिवस पर शहर में हुए विविध आयोजन

# शिक्षा, संस्कार से ही बच्चों का होता है भविष्य निर्माण

शिक्षक दिवस पर शुक्रवार को शहर में विविध आयोजन हुए। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में आयोजित शिक्षक दिवस कार्यक्रम में सेवाकेन्द्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कहा कि शिक्षा का संबंध सीखने से है। शिक्षा प्राप्त करते हुए निरंतर किसी भी कला में निपुण होना और उसे जीवन व्यवहार में दृढ़ करना संस्कार कहलाता है। शिक्षा और संस्कार से ही बच्चों का भविष्य का निर्माण होता है।




**बिलासपुर।** दीदी ने जीवन में शिक्षक का महत्व बताते हुए कहा कि माता-पिता से बढ़कर गुरु का स्थान होता है क्योंकि माता-पिता बच्चों को जन्म देते हैं परंतु बच्चों को जीवन जीने की कला शिक्षक ही सिखाते हैं। उनके भविष्य को आकार देते हैं। जीवन जीने के लिए हम अपने माता-पिता पर एक अच्छे और सुंदर जीवन के लिए हम अपने गुरु के ऋणी है। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने कहा था कि यदि अपने देश को भ्रष्टाचार से मुक्त बनाना है, एक सुंदर मन वाले लोगों का देश बनाना है तो हमें तीन सिर्फ तीन लोगों की आवश्यकता है। वह तीन लोग है माता-पिता और गुरु। माता-पिता बच्चों को जन्म देने के बाद उन्हें संस्कार प्रदान करते हैं और गुरु उन्हें शिक्षा प्रदान करते हैं और शिक्षा और संस्कार से ही हमारे भविष्य का निर्माण होता है। शिक्षक ही वह मूर्तिकार है जो बच्चों का भविष्य निर्माण करता है। राधाकृष्णन ने कहा था कि चरित्र का निर्माण सदन में नहीं कक्षा कक्ष में होता है। तीसरा शिक्षक जीवन में जो किसी विशेषता को आगे बढ़ाने में सहयोग करते हैं वह दोस्त, जीवन साथी या कोई भी हो सकते है और चौथा सबसे मुख्य परम शिक्षक परमपिता परमात्मा है, जो जीवन में दिव्य गुणों की खुशबू भरते हैं। अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

## सारे जगत का पिता, शिक्षक गुरु परमात्मा है : बीके रूपा



शिव अनुराग भवन राजकिशोरनगर में आयोजित कार्यक्रम में बीके रूपा बहन ने बताया कि भिन्न भिन्न मनुष्यों के पिता, शिक्षक और गुरु भिन्न भिन्न होते हैं लेकिन सभी मनुष्य आत्माओं के पिता, शिक्षक और गुरु एक परमात्मा ही है। उस एक परमात्मा को भूलने के कारण ही मनुष्य सत्य मार्ग से भटक दुख, अशांति में डूब गए हैं। अब समय आ गया है कि उस परम शिक्षक की शिक्षा पर चलकर स्वयं का और औरों का भाग्य बनाएं। उन्होंने कहा कि परमात्मा की शिक्षा हमें जन्म जन्मान्तर के पाप से मुक्त कर कई जन्मों के लिए श्रेष्ठ भाग्य बनाने का मार्ग बताता है, इसलिए उस परमात्मा के लिए हमारे मन में हर पल कृतज्ञता का भाव होना चाहिए। शिक्षक का वास्तविक सम्मान उनके द्वारा प्राप्त ज्ञान से स्वयं एवं दूसरों का परिवर्तन कर हर परिस्थिति में निर्विघ्न एवं शक्तिशाली बनना और बनाना है।

## तेग बहादुर स्कूल में शिक्षकों के सम्मान में बच्चों ने पेश किया सांस्कृतिक कार्यक्रम



श्री गुरुतेग बहादुर उच्चतर माध्यमिक शाला में शिक्षक दिवस के अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने माता सरस्वती व डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बच्चों ने शिक्षकों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उन्हें उपहार भी दिए। इसमें सौम्या तिवारी, मीठी यादव, इनाया खान, आराध्या कश्यप, अंजू पटेल, स्नेहा छतरियां, कशिश, आयुषि, भावना, पूर्वी साहू, भाग्यलक्ष्मी शामिल रहीं। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अजीत सिंह भोगल ने कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र निर्माता होते हैं। शिक्षक और बच्चों का मां-बाप के बाद जीवन में सबसे ज्यादा समय शिक्षकों के पास ही गुजरता है और हर शिक्षक चाहता है कि उनके शिष्य अच्छी शिक्षा ग्रहण करें और एक अच्छा स्थान जीवन में बनाएं। इस मौके पर समिति के चरण सिंह, त्रिलोचन सिंह, कमल सिंह, सोहल, गुरप्रीत सिंह भगत, निशी गुप्ता, मनदीप कौर सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### राजयोग शिक्षिका बहनों का सम्मान

कार्यक्रम में राजयोग भवन के ब्रह्माकुमार भाई-बहनों ने सेवा केंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी, बीके संतोषी दीदी एवं अन्य राजयोग शिक्षिका बहनों का तिलक, पुष्पगुच्छ, ताज एवं श्रीफल देकर सम्मान किया। परम शिक्षक शिवबाबा एवं दीदियों से प्राप्त पालना का अनुभव सुनाया।

## ओणम पर सजाई गई फूलों की रंगोली



बिलासपुर। शहर के मलयाली समाज द्वारा ओणम पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस पर्व के दौरान समाज के हर घर में फूलों की रंगोली सजाई जाती है। कई तरह के पकवान बनाए जाते हैं। संतोष वर्गीस, जानसन चाको, जॉर्ज मैथ्यू, बेनी बेबी, होली फ्रेड, अनिस थॉमस, शीलू, रेजू, डॉ सुसान उदय ने बताया कि ओणम के दिन ही असुर राजा महाबलि हर साल अपनी प्रजा की खुशहाली देखने के लिए धरती पर आते हैं। उनके स्वागत में लोग अपने घरों को फूलों की रंगोली से सजाते हैं और घरों के सामने दीपक जलाते हैं। लोग इस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान कर पारंपरिक परिधान पहनते हैं और घरों में विशेष पूजा करते हैं।



## होली नर्सरी में मना शिक्षक दिवस



**बिलासपुर।** होली नर्सरी इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल राजकिशोर नगर में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने अपने प्रिय शिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती वीना बैस ने भी सभी शिक्षकों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षक ही समाज के वास्तविक निर्माता होते हैं, जिनके मार्गदर्शन से छात्र जीवन में सफलता और अनुशासन प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, समूह गान और विभिन्न खेलों के आयोजन में शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे दिन का वातावरण उल्लास और गुरु-शिष्य परंपरा की मधुर अनुभूति से सराबोर रहा। अंत में प्राचार्या श्रीमती वीना बैस ने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए भोजन की विशेष व्यवस्था के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# सबको आनंद देने वाले हैं भगवान श्रीकृष्ण

### श्याम मंदिर में चल रही श्रीमद भागवत कथा




**बिलासपुर।** भगवान श्रीकृष्ण सबको आनंद देने वाले हैं। आनंद को आनंद देने का नाम ही किशोरीजी है और दोनों एक है। भगवान श्रीकृष्ण यदुवंश में जन्म लिए। माता देवकी के गर्भ से सब का कल्याण करने प्रकट हुए। भगवान के अवतार के चरित्र का श्रवण करने वाले जीव का कल्याण होता है।

ये बातें कथा वाचक अभिनव गोपाल शरण महराज ने राधा गोपाल सत्संग सेवा संघ एवं श्री लक्ष्मी नारायण सेवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में घोंघाबाबा मंदिर परिसर स्थित श्री श्याम मंदिर में चल रहे श्रीमद भागवत कथा रस महोत्सव में शुक्रवार को राधा जन्म, कृष्ण बाल लीला व गोवर्धन पूजा की कथा पर प्रकाश डालते हुए कही। उन्होंने बताया कि भगवान के जो चतुर्भुज स्वरूप है। यही परम ईश्वर हैं। जिससे तीनों तत्व प्रकट हो रहे हैं, वह ही साक्षात भगवान श्रीकृष्ण हैं। भगवान के चतुर्भुज स्वरूप के अंश से महा विष्णु प्रकट होते हैं। नाभी कमल से ब्रम्हाजी प्रकट होते हैं जो शेषनाग शैया पर विराजमान हैं। इनके अंश से प्रद्युम्न प्रकट होते हैं पर द्वापर युग के अंत में कोई अवतार प्रकट नहीं हुए हैं। पीतांबर धारण कर चक्र, शंख, गदा लेकर कारागार में भगवान श्रीकृष्ण प्रकट हुए। भगवान के जन्म से अद्भुत अनुभव हुआ। जन्म की खुशी में खूब बधाईयां गाई गई। मिठाईयां बांटी गई। ब्रजवासियों ने नृत्य कर नंद-यशोदा को रिझाया। वहीं ब्रज की भूमि में आनंद ही आनंद देखने को मिला।

### गोवर्धन पूजा का है धार्मिक महत्व

कथा वाचक ने बताया कि गोवर्धन पूजा का हिंदू धर्म में बड़ा ही धार्मिक महत्व है। इस पर्व को अन्नकूट के नाम से भी जाना जाता है। यह शुभ दिन भगवान कृष्ण की पूजा के लिए बहुत उत्तम माना जाता है। श्री कृष्ण को समर्पित यह पर्व कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है। । उन्होंने बताया कि प्राचीन काल में ब्रज मण्डल में इन्द्र की पूजा हुआ करती थी। श्री कृष्ण ने कहा कि कार्तिक में इन्द्र की पूजा का कोई लाभ नहीं इसलिए हमें गऊ के वंश की उन्नति के लिए पर्वत, वृक्षों की पूजा करते हुए न केवल उनकी रक्षा करने की प्रतिज्ञा करनी चाहिए अपितु पर्वतों और भूमि पर घास-पौधे लगाकर हमें वन महोत्सव भी मनाना चाहिए।

# आनंद सागर सेवा प्रवाह ने किया बुजुर्गों का सम्मान



### एसपी रजनेश सहित अन्य वरिष्ठजन रहे उपस्थित

**बिलासपुर।** आनंद सागर सेवा प्रवाह ने चेतना हॉल पुलिस लाइन में 75 प्लस बुजुर्ग माताओं का मातृ वंद्या सम्मान एवं सेवा भावी बहू बेटी का सियान सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सबसे ज्यादा बुजुर्ग दादाजी लक्ष्मण शंकर राव भेदी को संस्कार दाता सम्मान से विभूषित किया गया। इन्हें पितामह की पगड़ी पहना कर सम्मान पत्र, शॉल, श्रीफल, मिठाई से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। सुमिता दास गुप्ता एवं समूह ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, पूर्व न्यायाधीश चंद्रभूषण बाजपेई, वरिष्ठ समाज सेवक अनिल टाह, महापौर पूजा विधानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा थीं। अध्यक्षता डॉ विनय कुमार पाठक कुलपति थावे विश्वविद्यालय गोपालगंज बिहार ने की। मातृ वंद्या सम्मान में 31 माताओं को क्राउन, माला, पहनाकर व शॉल, श्रीफल, मिठाई एवं सम्मान-पत्र देकर सम्मान किया गया। सेवाभावी 31 बहू, बेटी का सियान सेवा सम्मान शॉल व मोमेंटो देकर किया गया। वहीं दो बुजुर्ग 85 + पिता को संस्कार दाता सम्मान एवं दो 75 + बुजुर्ग दंपति को सह जीवनसाथी सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री सायली व सुश्री ओजस्वी भेदी ने किया।

इस मौके पर संस्था की संस्थापिका डॉ सुषमा पण्डया, संरक्षक कविता शर्मा, उपाध्यक्ष सुमिता दास गुप्ता, सचिव ज्योत्सना मिश्रा, सहसचिव सुमन सिंह, कोषाध्यक्ष पं. बाबूलाल पंड्या, मीडिया प्रभारी रश्मि श्रीवास, कार्यकारिणी सदस्य निहारिका श्रीवास, नीलिमा गुलहरे, शांति लकड़ा, सीमा सिंह, उषा पटेल, श्रद्धा शर्मा, आस्था मिश्रा, राहुल उपस्थित थे।

# फाउंडेशन क्रिकेट ग्राउंड में की गई गणपति बप्पा की महाआरती



**बिलासपुर।** फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में गणेश पूजा के अवसर पर भजन संध्या के साथ महाआरती की गई। गणपति बप्पा की महाआरती में विधायक धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, महापौर पूजा विधानी, उद्योगपति अमोलक सिंह भाटिया, गुरमीत सिंह भाटिया, पूर्व विधायक शैलेश पांडे, कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी, महेश दुबे, राजेंद्र शुक्ला, डा.राजकुमार खेत्रपाल, रविंद्र सिंह ठाकुर, एमआईसी सदस्य मोती गंगवानी, पार्षद विजय वर्मा, त्रिलोक श्रीवास तथा फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया सहित अनेक श्रद्धालु फाउंडेशन के बच्चे शामिल हुए। शहर के जनप्रतिनिधियों तथा श्रद्धालुओं ने गणपति जी की महाआरती की और भजन संध्या में भाग लिया। महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। महाआरती में शहर के श्रद्धालुओं के अलावा क्रिकेट खिलाड़ी तथा शहर के जनप्रतिनिधि, फाउंडेशन के सदस्य शामिल हुए। शनिवार 6 सितंबर को विधि विधान से पूजा अर्चना कर धूमधाम से गणपति का विसर्जन किया जाएगा। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी में पिछले 9 सालों 2016 में जब से फाउंडेशन की स्थापना हुई है तब से गणपति बप्पा की पूजा की जा रही है। शाम 7 बजे महाआरती के बाद फाउंडेशन क्रिकेट खेल मैदान में गणपति के पूजा पंडाल में क्रिकेट खिलाड़ियों श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। विधि विधान से पंडितों के द्वारा यहां पर पूजा अर्चना एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। फाउंडेशन खेल मैदान में गणेश पूजा को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला।



भाटिया ग्रुप के एमडी अमोलक सिंह भाटिया एवं प्रिंस भाटिया ने गणपति की पूजा कर भक्तों एवं शहरवासियों के कल्याण की कामना की।

## खबर संक्षेप

### जिला भाजपा ग्रामीण कार्यकारिणी घोषित

**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की अनुशंसा पश्चात भाजपा जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल ने भाजपा जिला ग्रामीण के कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। इसमें 51 कार्यसमिति सदस्य, 14 स्थाई आमंत्रित सदस्य और 38 विशेष आमंत्रित सदस्यों के नाम शामिल हैं। जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल ने बताया कि स्थाई आमंत्रित सदस्यों में जिला के केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, डिप्टी सीएम अरुण साव, विधायक सुशांत शुक्ला, राजा पांडे, पूर्व सांसद लखन साहू, पूर्व विधायक डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी, रजनीश कुमार सिंह, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, द्वारिकेश पाण्डे, रामलाल साहू, कांशीराम साहू, डॉ.सुनील जायसवाल, द्रोण त्रिपाठी के नाम शामिल हैं। इन सभी सदस्यों की नियुक्ति पर जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल महामंत्री यश मनहर जनक देवांगन ने बधाई दी है।

### गणेश पंडाल से स्कूटी पार, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** गणेशोत्सव के दौरान भ्रमण पर निकली महिला को पंडाल के पास अपनी स्कूटी पेप खड़ी करना मंहगा पड़ गया। अज्ञात चोरों के द्वारा स्कूटी की चोरी की गई है। महिला ने सिटी कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार पर्ल हाइटस अपोलो अस्पताल रोड निवासी प्रतिभा सिंह पति सचिदानंद सोलंकी 29 अगस्त की शाम 7.30 बजे अपने पति के साथ गणेशोत्सव के दौरान गणेश प्रतिमाओं को देखने निकली थी। इस दौरान टीवीएस पेप स्कूटी क्रमांक सीजी 29 ए 4194 को उन्होने गांधी चौक के पास लॉक कर खड़ा कर दिया था और हाईकोर्ट की ओर गणेश पंडालों की झांकी देखने चली गई थी। 9 बजे वापस आने पर स्कूटी मौके पर मौजूद नहीं थी। शुक्रवार को महिला ने सिटीकोतवाली थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### शराब के लिए पैसा नहीं देने पर जानलेवा हमला

**बिलासपुर।** गणेश पंडाल के पास तैयारी कर रहे युवक पर शराबी ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया है। घायल के भाई ने सरकंडा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले के अनुसार सत्यम दास मानिकपुरी गुरूवार की रात 9 बजे अपने साथियों के साथ गणेश पंडाल में पूजा पाठ और भजन कीर्तन कर रहा था। इस दौरान गीतांजली सिटी फेस 2 निवासी आरोपी सागर डहरे उर्फ रेनी आया और शराब पीने के लिए रूपए की मांग की। पैसा देने से मना करने पर मारपीट करने लगा। आरोपी ने सत्यम के सिर पर ही चाकू घोंप दिया। सत्यम को आनन- फानन में सिम्स ले जाया गया, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सरकंडा टीआई निलेश पाण्डेय के नेतृत्व में टीम तैयार कर मौके पर रवाना की गई और घेराबंदी कर आरोपी सागर डहरे उर्फ रेनी को हिरासत में ले लिया गया। उसके पास से धारदार चाकू बरामद किया गया है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### अवैध शराब की बिक्री आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस द्वारा लगातार नशे के खिलाफ अभियान चलाकर अवैध शराब की बिक्री रोकी जा रही है। चकरभाठा थाने के अंतर्गत ग्राम सेंवार निवासी आरोपी राजपूत मिरी के कब्जे से 38 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

---

**शहर की सड़कों का चौड़ीकरण और नई सड़कों का होगा निर्माण** | **टेक्निकल टीम ने अलग अलग हिस्सों में स्वाइल टेस्टिंग भी शुरू की**

# 900 करोड़ में राजीव गांधी चौक से नेहरू चौक तक तीन दिशाओं वाला फ्लाईओवर बनेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खास खबर

शहर ट्रैफिक व्यवस्था सुगम बनाने के लिए राजीव गांधी चौक से नेहरू चौक तक तीन दिशाओं वाला फ्लाईओवर बनेगा। यह फ्लाईओवर उस्लापुर रोड, इंदिरा सेतु के ऊपर से कोनी और सीपत-मोपका रोड की ओर जाएगा, जिससे नेशनल हाइवे का ट्रैफिक शहर के अंदरूनी हिस्सों से गुजरे बिना निकल सकेगा।

इस परियोजना के तहत 900 करोड़ रुपए का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इसके तहत शहर की सड़कों का चौड़ीकरण और नई सड़कों का निर्माण भी किया जाएगा। निगम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी इस बड़े प्रोजेक्ट पर काम करे हैं। टैक्निकल टीम ने शहर के अलग अलग हिस्सों में स्वाइल टेस्टिंग भी शुरू कर दी। इसमें देखा जरा है कि जमीन के कितने अंदर तक पत्थर है और मिट्टी कैसी है। प्रोजेक्ट के डीपीआर पर भी काम जारी है। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने बताया कि, राजीव गांधी चौक से नेहरू चौक तक बनने वाला फ्लाईओवर तीन दिशाओं में विभाजित होगा। यह उस्लापुर रोड, इंदिरा सेतु के ऊपर से कोनी और सीपत-मोपका रोड की ओर जाएगा। इससे रायपुर-बिलासपुर हाईवे का ट्रैफिक शहर के अंदरूनी हिस्से को प्रभावित किए बिना निकल सकेगा। 'नगर उत्थान योजना' के तहत इस प्रोजेक्ट के लिए 900 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

### 300 करोड़ में बनेगा पांच किलोमीटर लंबा फ्लाईओवर



ज्ञात हो कि रायपुर- बिलासपुर हाईवे का ट्रैफिक अभी तिफरा फ्लाई ओवर से नेहरू चौक होते हुए सीपत, कोनी की ओर जाता है, जिससे शहर के अंदर की सड़कों पर ट्रैफिक की समस्या उत्पन्न हो रही है। इस समस्या के समाधान के लिए राजीव गांधी चौक से नेहरू चौक होते हुए इंदिरा सेतु के ऊपर से फ्लाई ओवर के निर्माण के लिए सर्वे कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस फ्लाईओवर को महामाया चौक से कोनी और सीपत मार्ग की ओर डायवर्ट किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि पूरी योजना में करीब 300 करोड़ रुपए की लागत आएगी। बिलासपुर का यह सबसे बड़ा फ्लाई ओवर होगा, जिसकी लंबाई साढ़े चार से पांच किलोमीटर होगी।

### फ्लाईओवर पीडब्ल्यूडी तो 10 सड़कें निगम बनाएगा

फ्लाईओवर का निर्माण पीडब्ल्यूडी करेगा, जबकि शहर की 10 प्रमुख सड़कों का चौड़ीकरण और नई सड़कों का निर्माण नगर निगम करेगा। इसके अलावा, जवाली नाला की तर्ज पर गोकने नाला के ऊपर स्लैब डालकर नई सड़क का निर्माण भी किया जाएगा, जो शहर के एक हिस्से को दूसरे से जोड़ेगी। अधिकारियों के मुताबिक यह परियोजना शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। विशेषकर नेशनल हाइवे 130 का ट्रैफिक शहर से बाहर निकालने में मददगार होगी। इसी प्रकार मोपका- कोनी बाई पास रोड, अशोक नगर से बिरकोना, दयालबंद से सीपत रोड का काम हाथ में लिया जाएगा, ताकि शहर की कम चौड़ाई वाली सड़कों पर ट्रैफिक का बोझ कम किया जा सकेगा।

### की जा रही स्वाइल टेस्टिंग

वर्तमान में बिलासपुर शहर में अरपा नदी के आर-पार 6 पुल हैं। फिर भी शहर में जाम की समस्या बनी रहती है। नए पुलों और ओवरब्रिज के बनने के बाद शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और लोगों को जाम से राहत मिलेगी। फिलहाल स्वाइल टेस्टिंग जारी है।

**- अमित कुमार**, निगम आयुक्त

---

**मगरपारा चौक से लेकर पूरी सड़क में इतने गड्ढे हैं कि लोगों की परेशानी बढ़ गई है**

# 122 मकान-दुकान तोड़ डाले, दो करोड़ की राशि भी स्वीकृत, अब साल भर से रुका है काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- योजना के तहत पहले ही पौने दो करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत, फिर भी सुस्ती

मरीमाई रोड से लेकर भारत चौक तक की सड़क को 40 फीट चौड़ा किया जाना है। इसके लिए नगर निगम ने 122 मकान और दुकानों के अतिक्रमण हटाए हैं, लेकिन एक कच्चा और एक पक्का मकान साल भर बाद भी नहीं तोड़े जा सके हैं। इसके अलावा, इस सड़क पर बिजली पोल शिफ्टिंग और टारिंग का काम भी 8 महीने से रुका हुआ है। हाल यह है कि सड़क बनाने के लिए पहले ही पौने दो करोड़ रुपए स्वीकृत हो चुके हैं लेकिन निगम का ध्यान काम पर है ही नहीं। फिलहाल इस सड़क से पैदल गुजरना भी मुश्किल है। मगरपारा चौक से लेकर पूरी सड़क में इतने गड्ढे हैं कि लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

मरीमाई रोड से भारत चौक तक 25 फीट की सड़क को 40 फीट चौड़ा किया जाना है। इसके लिए सड़क के दोनों ओर रहने वाले 122 लोगों को नोटिस जारी किया गया था, जिनमें से अधिकांश का कब्जा निगम ने हटा दिया है। ज्ञात हो कि तालापारा-मरीमाई रोड को 60 फीट चौड़ा करने की योजना बनाई गई थी, लेकिन इसमें दोनों तरफ के मकान और दुकान का आधे से ज्यादा हिस्सा अतिक्रमण की जद में आ रहा था। वार्ड के लोगों ने इसका जमकर विरोध किया, जिसके बाद अब चौड़ाई केवल 40 फीट रखने का निर्णय लिया गया है। सड़क के दोनों ओर पांच-पांच फीट बढ़ाया जाएगा।



मरीमाई रोड से लेकर भरत चौक तक संकरी सड़क।

### ट्रैफिक के लिहाज से जरूरी है सड़क

दरअसल, शहर की तीसरी स्मार्ट सड़क विकसित करने के लिए मरीमाई रोड का चयन किया गया है। इससे क्षेत्र की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार की उम्मीद है। साथ ही, लिंक रोड में ट्रैफिक जाम की समस्या से भी मुक्ति मिल जाएगी। ध्यान रहे कि शहर की आबादी बढ़ने के साथ ही सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव भी बढ़ता जा रहा है। इससे रोजाना मुख्य चौक-चौराहों पर जाम लगता है। खासकर लिंक रोड पर सुबह से रात तक ट्रैफिक जाम रहता है। लिंक रोड पर जाम और रेंगने वाले ट्रैफिक को व्यवस्थित करने के लिए मरीमाई बाइपास रोड का चौड़ीकरण स्मार्ट सिटी परियोजना में शामिल किया गया है। इसके लिए 176 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। रोड के चौड़ीकरण से व्यापार विहार, श्रीकांत वर्मा मार्ग, पं. दीनदयाल उपाध्याय चौक से मगरपारा चौक पहुंचना आसान होगा।

### यह सुविधाएं मिलेंगी

स्मार्ट सिटी प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार, मरीमाई रोड के चौड़ीकरण के साथ ही सड़क के दोनों ओर फुटपाथ और निकासी के लिए नाली का निर्माण कराया जाएगा। पूरी सड़क का रिन्युअल कोड होगा। इसके अतिरिक्त स्ट्रीट लाइटें भी लगाई जाएंगी। पूरी सड़क के निर्माण में पौने दो करोड़ रुपए खर्च होने हैं। ज्ञात हो कि राजस्व रिकॉर्ड में 40 फीट की सड़क, मौके पर 20 फीट सड़क नजर आती है। लगभग 20 फीट सड़क कब्जे के भेंट चढ़ चुकी थी, जिसमें से अधिकांश को हटाया गया है।

### सड़क निर्माण का रास्ता साफ

मरीमाई रोड में रहने वाले नागरिकों से स्मार्ट रोड के निर्माण में सहयोग करने की अपील की गई थी। सभी ने सहमति से कब्जा हटाया है। पिछले कई दिनों से एक कच्चा और एक पक्का मकान 8 महीने बाद भी नहीं तोड़े जा सके थे, लेकिन अब रास्ता साफ हो गया है। इस सड़क के बनने से बड़ी राहत मिलेगी।

**- शेख नजीरुद्दीन**, पूर्व नेता प्रतिपक्ष, ननि

### बरसात के बाद शुरू होगा काम

मरीमाई रोड से लेकर भारत चौक तक की सड़क को 40 फीट चौड़ा किया जाना है। इसके लिए नगर निगम ने 122 मकान और दुकानों के अतिक्रमण हटाए हैं। बरसात के बाद बीटी रोड का काम किया जाएगा।

**- खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, ननि

---

**आवास के नाम पर ठगी**

# महिलाओं से ऐंठे साढ़े 3 लाख भाजपा नेत्री के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- कलेक्टर के जनदर्शन तक पहुंचा था मामला, तब खुला राज


दो महिलाओं से आवास दिलाने के नाम पर 3 लाख 40 हजार रूपए ऐंठने वाली आरोपी महिला भाजपा नेत्री के खिलाफ नगर निगम के बाबू ने एफआईआर दर्ज कराया है।

प्रधान मंत्री आवास योजना के अंतर्गत मिलने वाले गरीबों के मकान को लेकर आए दिन धोखाधड़ी का मामला सामने आता है। ताजा मामला फिर सामने आ चुका है। कलेक्टर के जनदर्शन में आवास मिलने में हो रही देरी को लेकर पहुंची शिकायतकर्ता महिला उमा साहू और संतोषी विश्वकर्मा के मामले में नया खुलासा हो चुका है। दरअसल दोनों महिलाओं ने कलेक्टर संजय अग्रवाल के जनदर्शन में आवास के नाम पर धोखाधड़ी की शिकायत की थी। कलेक्टर ने निगम कमिश्नर को इसकी जांच करने और आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की बात कही गई थी। शुक्रवार को राजकिशोर नगर सरकंडा निवासी और निगम में पदस्थ बाबू सौरभ तिवारी पिता स्व ओपी तिवारी ने आवास के नाम पर दोनों महिलाओं को ठगने वाली महिला सपना सराफ के खिलाफ सरकंडा थाने में जुर्म दर्ज कराया है। बताया जा रहा है कि सपना सराफ पति गुलाब सराफ राजकिशोर नगर की कल्याण बाग में रहने वाली है और अपने परिचित महिला उमा साहू और संतोषी विश्वकर्मा को पीएम आवास दिलाने के लिए 3 लाख 40 हजार रूपए ऐठ चुकी है। आरोपी महिला ने दोनों महिलाओं को फर्जी रसीद भी थमा चुकी है, जिसका मिलान निगम कार्यालय में किया गया है। पुलिस ने धारा 420,467,468 और 471 के तहत मामला दर्ज किया है।

# नाबालिग बालिका को भगाने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

## आरोपी पर पाक्सो एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



हिर्री थाना क्षेत्र में रहने वाली नाबालिग लड़की को बहला व फुसलाकर घर से भगाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पाक्सो एक्ट की धाराओं के अनुसार कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।

मामले के अनुसार प्रार्थी ने हिर्री थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिक लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते पुलिस ने आला अधिकारियों को जानकारी दी। टीआई डीआर टण्डन के विशेष मार्ग दर्शन पर अपहता व आरोपी रविन्द्र सिंह ठाकुर उर्फ राज पिता योगेन्द्र सिंह ठाकुर, उम्र 23वर्ष को बी आर यादव नगर बहतराई से गिरफ्तार कर लिया गया है, उसके कब्जे से नाबालिग लड़की को बरामद किया गया है। अपहता का धारा 180 बीएनएसएस का कथन महिला पुलिस अधिकारी से कराया गया है, जिसमें अपहता ने बताया कि आरोपी के द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाकर शादीकर लगातार शारीरिक संबंध बनाया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

# प्रोफेसर से धोखाधड़ी, ठेकेदार पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- मकान अधूरा छोड़ भागा ठेकेदार
- डेढ़ साल पहले आर आर कंस्ट्रक्शन को दिया गया था ठेका

42 लाख रूपए लेकर निर्माणधीन मकान को अधूरा छोड़ भागने वाले ठेकेदार के खिलाफ जीजीयू के प्रोफेसर और मकान मालिक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मामला तारबहार थाने का है। बताया जा रहा है कि डॉ संतोष सिंह ठाकुर गु रू घा सी दा स विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर है। डेढ़ साल पहले उन्होंने रामावर्ल्ड फेस 3 में शीट नम्बर 24 प्लाट नं 136 क्षेत्रफल 1938 वर्गफुट जमीन पर ग्राउंड फ्लोर व फर्स्ट फ्लोर कुल 3154 वर्गफुट निर्माण के लिए 1400 प्रतिवर्ग फुट के हिसाब से आरआर कंस्ट्रक्शन के संचालक धर्मेद यादव को ठेका दिया। ठेकेदार का कार्यालय पुरुषोत्तम भवन सी एमडी चौक लिंक रोड पर स्थित है। फरवरी 2024 को दिए गए ठेके का अनुबंध भी है। ठेकेदार द्वारा मकान निर्माण व माड्युलर किचन, पीयू फिनिश फाल्स सीलिग, प्लंबिंग, बाउंड्री वाल, एलिवेशन इलेक्ट्रिकल कार्य, पेंटिग कार्य मटेरियल स्पेसिफिकेशन के साथ निर्माण पूरा करने की जिम्मेदारी ली गई थी। प्रोफेसर ने निर्माण के लिए 70 लाख रूपए का बैंक लोन भी लिया है। ठेकेदार द्वारा अबतक 42 लाख 31 हजार रूपए लिया जा चुका है। बताया जा रहा है कि वर्तमान निर्माण कार्य से अधिक का भुगतान प्राप्त करने के बाद ठेकेदार फरार हो चुका है ना ही ठेकेदार द्वारा रकम वापस की गई है। प्रार्थी ने ठेकेदार के खिलाफ धोखाधड़ी और छल करने का मामला दर्ज कराया है।

### कार्यालय बंद कर भागा ठेकेदार

कुछ माह पहले ठेकेदार धर्मेंद्र यादव ने भवन का निर्माण को लेकर लापरवाही बरतना शुरू कर दिया था। मनमाने ढंग से अनुबंध में तय की गई सामग्रियों का प्रयोग नहीं किया और सस्ती लोअर स्टेंडर्ड की सामग्री का उपयोग किया जाने लगा। इस दौरान उसने मां की मौत की बात कहकर 31 के बजाए 42.31 लाख रू ले लिया और काम बंद कर दिया है। प्रार्थी ने कई बार कार्यालय जाकर शिकायत की लेकिन अब ठेकेदार कार्यालय बंद कर भाग खड़ा हुआ है।

# हरियाणा की 36 बोतल शराब सहित 2 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** आबकारी विभाग ने महीने भर बाद कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस दौरान 36 बोतल हरियाणा की शराब पकड़ी गई और दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस हफ्ते आबकारी का अमला 55.32 लीटर शराब जब्त कर चार आरोपी को जेल भेजने में कामयाब हो चुका है। जानकारी के अनुसार आबकारी उप निरीक्षक धर्मेंद्र शुक्ला एवं वेद प्रकाश नेताम ने जयरामनगर के पास दो आरोपी विक्रम पटेल खेसरा अकलतरा निवासी एवं उमाशंकर खांडे नगोई तखतपुर निवासी से 36 बोतल शराब जब्त की, शराब हरियाणा राज्य की ब्लेंडर ब्लेंडर प्राइड थी। अमले ने धारा 34(2),36,59(क) बनाकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं कोटा क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध कार्रवाई की गई। आबकारी अधिकारी दिनेश ध्रुव ने आमागोहन बेलगहना क्षेत्र से आरोपी उमेश कुमार के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब जब्त कर जेल भेज दिया है। इसी प्रकार मस्तूरी प्रभारी ऐश्वर्या मिंज ने शराब कोचियों से 74 नग देशी मदिरा प्लेन जब्त कर आरोपी धरम लाल साहू न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा दिया है।




हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# पिस्टल और कारतूस चोर की तलाश होटलों में

**बिलासपुर।** हटिया से दुर्ग के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन में सफर कर रहे आईटीबीपी के चार जवानों में से दो जवानों के पिस्टल और कारतूस चोरी के मामले में जीआरपी और आरपीएफ की टीम रेलवे स्टेशन के आसपास एरिया सहित होटलों में आरोपी की तलाश कर रही है।


दो जवान सस्पेंड, आरपीएफ व जीआरपी कर रही चोरों की तलाश
हटिया एक्सप्रेस से पार हो गए आईटीबीपी जवानों के दो पिस्टल और 26 कारतूस

गौरतलब है कि दो दिन पहले बुधवार 3 सितम्बर की देर रात हटिया से दुर्ग के बीच चलने वाली 08185 स्पेशल ट्रेन में रांची से आईटीबीपी रांची 40वीं बटालियन के जवानों के बैग गायब हो गए, जिनमें 4 मैग्जीन, 24 नग 9 एमएम राउंड, एक मोबाइल और 10 हजार रुपए व कपड़े सहित अन्य सामान रखे हुए थे। आईटीबीपी के एक जवान बिहिया भोजपुर निवासी योगेन्द्र प्रसाद ओझा पिता देवकांत ओझा 35 साल की शिकायत पर जीआरपी ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305 (सी) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर लिया है। वहीं आरपीएफ और जीआरपी की टीम रेलवे स्टेशन के आसपास के क्षेत्रों सहित होटलों में आरोपी की तलाश कर रही है। आरपीएफ और जीआरपी के अनुसार बिलासपुर रेलवे स्टेशन के गेट नम्बर चार से लेकर कोच रेस्टोरेंट के बीच लगे सीसी कैमरे में चोर बैग ले जाते हुए दिखाई दिया। इस दौरान बैग कोच रेस्टोरेंट के पास पड़ा हुआ मिला, जिसमें आईटीबीपी जवानों के आईकार्ड, अन्य दस्तावेज और कपड़ों के अलावा कुछ भी नहीं मिला।

### टिकिट चेकिंग स्टाफ भी लगाएंगे डिजिटल अटेंडेंस

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने अब टिकिट चेकिंग स्टाफ के लिए भी डिजिटल अटेंडेंस कराने का निर्णय लिया है। नई प्रणाली बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण को टिकिट परीक्षक टीटीई लॉबी प्रणाली के साथ एकीकृत करती है, जिससे कर्मचारी आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपकरण का उपयोग करके स्वयं को प्रमाणित कर सकते हैं। यह एक छेड़छाड़ रहित, पारदर्शी और गोपनीयता अनुपालन उपस्थिति प्रक्रिया सुनिश्चित करती है जो वास्तविक समय में कार्य घंटों और ड्यूटी स्थिति को सटीक रूप से रिकार्ड करती है।



### श्रद्धालुओं ने विधि विधान से 10 दिनों तक की भगवान गणेश की पूजा

# बाजे-गाजे के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोरमी



समीपस्थ ग्राम सुकली में धूमधाम से गणेश उत्सव मनाया गया। श्रद्धालुओं ने विधि विधान से बीते 10 दिनों तक भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर गंगा स्नान कराया। महिलाओं ने घर-घर से निकल कर गणेश प्रतिमा का पूजन-अर्चन कर गजानन स्वामी का आशीर्वाद प्राप्त किया। भगवान गणेश के प्रति अपार श्रद्धा, विश्वास और उत्साह के साथ गांव के सभी युवा, बुजुर्ग व महिलाओं ने गणेश विसर्जन में अपनी सहभागिता दी। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

गांव के विभिन्न मार्गों से ढोलक, झांझ, मंजीरे, मांदर की थाप एवं डीजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर रवीन्द्र जायसवाल, हिमालय सिंह, अभिषेक जायसवाल, मनहरण सिंह, योगेश, रूपेश, जागेश्वर सिंह, दीपेश, दिलीप यादव, श्यामसुंदर सिंह, मनोज, केशव जायसवाल, लक्की सिंह, नितिन सिंह, सहदेव, जलेश्वर, हिमांशु, विकास, नवीन, आयुष, दीपक, अमन, अंकित, गोविंद, अभय, वासु, तुषार, प्राची, प्रकृति, दिव्यानि, श्रेया, तन्नू, नीलम, जया, निधि, नन्दनी, सोमी, वीरा, पायल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

## बजरंग चौक गणेशोत्सव समिति की शोभायात्रा आज



पेंड्रा। नगर के मध्यनगरी बजरंग चौक गणेशोत्सव समिति की ओर से गणेशोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। दशकों से कला एवं संस्कृति का केंद्र रहा बजरंग चौक पिछले 38 वर्षों से लगातार गणेशोत्सव की भव्य परंपरा को संजोए हुए है। पिछले वर्ष समिति के अनुशासित और सफल आयोजन की सराहना करते हुए पुलिस अधीक्षक ने समिति को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया था। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस बार पंडाल में भगवान गणेश की विशेष सिंहासन मूर्ति स्थापित की गई है। श्रद्धालुओं को आकर्षित करने और जागरूक करने के उद्देश्य से पंडाल परिसर में भगवान गणेश से संबंधित कई रोचक जानकारियां भी प्रस्तुत की गई हैं। गणेशोत्सव के दौरान अब तक विविध धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें 56 भोग सहित महाआरती, भव्य जगराता तथा विशाल भंडारे प्रसाद का आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की और प्रसाद ग्रहण किया। उत्सव के अंतिम चरण में 6 सितम्बर को भव्य भक्तिमय शोभायात्रा निकालने की तैयारी की गई है। समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि, यह शोभायात्रा नगर की प्रमुख सड़कों से होकर गुजरेगी, जिसमें आकर्षक झांकियों, भक्ति संगीत और नृत्य-कलाओं का विशेष प्रदर्शन होगा। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि, बजरंग चौक का गणेशोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है बल्कि वर्षों से यह नगर की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है।

## गणपति की पूजा में डूबे ग्रामीण



दगोरी। गणेश पूजा के अवसर पर पूरा क्षेत्र भगवान गणपति की पूजा-आराधना में डूबा हुआ है। रोज रात्रि को जगराता कर पंडालों में हरकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गांव की महिलाएं व बच्चे भी शामिल हो रहे हैं। लोग पंडाल पहुंचकर दर्शन कर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। ग्राम तथा आसपास के सभी ग्राम अमेरी अकबरी, तालागांव, एथुल कापा, पौसरी, उदनताल, चुराघाट, करहीपार, सोनपुरी, सिलयारी, नवागांव, हथनी, मुरकुटा, घोघरा, कोहरौदा, खपरी, मोहतरा हथनी इत्यादि गांवों में बड़े उत्साह के साथ भगवान गणपति गजानन महाराज की पूजा-आराधना की जा रही है।

## जेब खर्च के पैसे से बच्चों ने स्थापित की प्रतिमा



जरहागांव। गणेश चतुर्थी का पावन पर्व पर घुडुकापा के स्कूली बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी से चंदा कर गणेश स्थापना कर सुबह-शाम भजन कीर्तन में जुटे हुए हैं। परमेश्वर यादव ने बताया कि, गांव के छोटे-छोटे बच्चे भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना हेतु वर्ष भर इंतजार करते हैं, और साल भर पॉकेट मनी जोड़कर बच्चे गणेश पूजन का खर्च उठाते हैं। रोजाना स्कूल जाने से पहले और स्कूल से आने के बाद भजन कीर्तन में जुट जाते हैं। गांव में बच्चों का यह धार्मिक लगाव उन्हें एकजुट होने में सहायक साबित हो रहे है। इस अवसर पर चंद्रकुमार साहू, निखिल साहू, मनोहर साहू, दीनदयाल साहू, अजय साहू, सुनील साहू, रामकुमार साहू, टीकाराम साहू, हलधर साहू, अरविंद कुमार साहू, तुषार, कान्हा, सूरज, संदीप, गुरु, करन, रुपेश, प्रशांत, अभय, सागर, भोला, विराट, मनोहर साहू आदि शामिल रहे।

## हन्फी कच्छी मस्जिद कमेटी ने निकाली बच्चों की रैली



जुलूस में शामिल बच्चे

मुंगेली। पैगम्बर साहब के जश्ने विलादत के मौके पर मुंगेली की सुन्नी हन्फी कच्छी मस्जिद कमेटी की ओर से बच्चों की भव्य रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में छोटे बच्चो शामिल हुए।

पैगम्बर साहब की मोहब्बत का पैगाम देने बच्चों की इस रैली ने शहर में गश्त किया, जिनका समाज के लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया गया। साथ ही उनके लिए खान-पान की व्यवस्था भी की गई। रबीउल अव्वल के माह पर 1 तारीख से 12 तारीख तक चुड़ीलाइन से हर साल बच्चों की रैली फरीद रिजवी द्वारा निकाली जाती रही है। इसी क्रम में इस बार सुन्नी मुस्लिम जमात के द्वारा बच्चों की भव्य रैली निकालने का फैसला किया गया था। शासन की गाइड लाइंस का पालन करते हुए बच्चों की रैली चेन बनाकर निकाली गई, जो पूरे शहर में गश्त करते हुए मस्जिद में मुकम्मल हुई। इस रैली में बच्चों में खासा उत्साह नजर आया। रैली को सफल बनाने में प्रशासन और पुलिस का भी विशेष सहयोग रहा। रैली में कमेटी के पदाधिकारी, मेम्बर सहित समाज के युवा लोग शामिल रहे।

## धूमधाम से मनाई गई ईद-मिलाद-उन-नबी



करगीरोड-कोटा। नगर में मुस्लिम समुदाय के द्वारा ईद-मिलाद-उन-नबी का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। तेज बारिश के बीच शुक्रवार की सुबह मौसम के खुलते ही कोटा मुस्लिम समाज के मौजूदा मस्जिद कमेटी के पदाधिकारियों ने सुबह 10 बजे मोहम्मदी मस्जिद कंपाउंड से जुलूस निकाल कर नगर भ्रमण किया गया। इसके पूर्व गुरुवार 4 सितम्बर की शाम को मोहम्मद जावेद खान की अगुवाई में मुस्लिम-समाज के युवाओं ने बाइक रैली निकाली। रैली नगर के मुख्य चौक चौराहों से गुजरते हुए जय स्तंभ नाका चौक, मौहारखार, राम मंदिर, पड़ावपारा, तहसील, डाकबंगला व रेलवे स्टेशन होते हुए मस्जिदपारा में समाप्त हुई। बाइक रैली में मुस्लिम-समाज के युवा वर्ग काफी संख्या में शामिल हुए। नगर सहित ग्रामीण इलाकों से भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग जुलुस-ए-मोहम्मदी में शामिल हुए। जुलूस मस्जिद कंपाउंड से निकलकर चंडी माता चौंक, बस स्टैंड, महाशक्ति चौक, जय स्तंभ नाका चौक होते हुए से मौहारखार पंहुची एवं मौहरखार से वापस जयस्तंभ चौक होते हुए मस्जिद कंपाउंड में संपन्न हुई। जुलूस के रास्ते में मुस्लिम-समाज की ओर से खाने पीने के पकवान, फल, बिस्किट लंगर पानी की व्यवस्था की गई थी। जुलूस के दौरान यातायात-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुस्लिम-समाज ने कोटा-पुलिस का आभार व्यक्त किया।

## साक्षरता रथ को दिखाई हरी झंडी



गौरेला। 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह और प्रणव कुमार मरपच्ची ने हरी झंडी दिखाकर साक्षरता रथ को मल्टी परपज स्कूल पेंड्रा परिसर से रवाना किया।

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज के सभी वर्गो में शिक्षा का प्रचार-प्रसार करने के उदेद्श्य से 1 से 7 सितम्बर तक देश व्यापी साक्षरता सप्ताह और 8 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया जा रहा है। साक्षरता सप्ताह अभियान के तहत जिले की सभी शासकीय एवं निजी विद्यालयों में शिक्षा और साक्षरता पर केन्द्रित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। साक्षरता सप्ताह के आखरी दिन 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से जिलें में असाक्षरों को साक्षरता के प्रति ध्यान आकार्षित करने के लिए सभी वर्गो के बीच जागरूकता पैदा करने एवं साक्षरता केन्द्र में स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से अध्ययन अध्यापन की रूचि पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, जिपं उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, नपा पेंड्रा के उपाध्यक्ष शरद गुप्ता, नपा परिषद गौरेला के उपाध्यक्ष रोशनी शर्मा, लालजी यादव, छोटेलाल सोनी, सीईओ जिला पंचायत मुकेश रावटे, जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी, साक्षरता कार्यक्रम के जिला नोडल मुकेश कोरी आदि उपस्थित थे।

## ढपनीपानी में चौपाल लगाकर कलेक्टर ने सुनी समस्याएं



भर्रीडांड़। ग्राम जोहार अभियान के तहत कटरा पंचायत के आदिवासी बहुल वनांचल गांव ढपनीपानी में चौपाल लगाकर कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने लोगों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने जिला अधिकारियों के साथ ढपनीपानी पहुंचकर ग्रामीणों के बीच बैठकर उनसे सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी ली। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने मौखिक रूप से मांगों एवं समस्याओं से अवगत कराने के साथ ही बड़ी संख्या में आवेदन भी प्रस्तुत किया। कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे ने सभी आवेदनों का अवलोकन कर समक्ष में ही संबंधित विभाग के अधिकारी को बुलाकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली तथा नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। जनचौपाल में चार सगी बहनों-ललिता रागिनी, रोशनी, गोपी की पहचान की गई, जिनके माता-पिता का निधन हो चुका है एवं वे अपने दादी के पास रहकर जीवनयापन कर रही हैं। ये चारों बालिकाएं विशेष देखरेख एवं आवश्यकता वाले बच्चों की श्रेणी में आते हैं। के माध्यम से लाभान्वित करने हेतु तत्काल कार्रवाई करने कलेक्टर ने जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी को निर्देश दिए। इस योजना के तहत 18 वर्ष की उम्र तक 4 हजार रूपए प्रति माह सहायता राशि का प्रावधान है। जनचौपाल में महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, पंचायत, खाद्य, वन, कृषि, उद्यानिकी, पशुधन विकास विभाग के जिला अधिकारियों द्वारा हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी, लाभ उठाने के लिए पात्रता एवं प्रक्रिया आदि के बारे ग्रामीणों को विस्तार से बताया। जनचौपाल में आवास, नवीन राशनकार्ड, मजदूरी भुगतान, वन अधिकार पत्र ट्रांसफार्मर, सीसी रोड, स्टॉपडेम, फौती, नामांतरण, बंटवारा, पेयजल, विद्युत कनेक्शन आदि से संबंधित आवेदन ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## मुस्लिम समाज ने मांगी अमन चैन की दुआ



तखतपुर। पैगम्बर हजरत साहब के जन्मदिन को मुस्लिम समाज ने हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। नगर में मुस्लिम समाज के लोगों ने अमन चैन की दुआ मांगी। समाज के लोगों द्वारा बड़ी संख्या में उपस्थित होकर रैली निकाली गई जो संगम नगर, मक्कड़ काम्प्लेक्स, पुराना बस स्टैंड, गांधी चौक, बजरंग नगर, नया बस स्टैंड होते हुए वापस रैली सभा स्थल पर पहुंची। पुराना बस स्टैण्ड में विधायक धर्मजीत सिंह, संतोष कौशिक एवं मस्जिद के पास मदनी फुल कमेटी, मंडी चौक रज़ा ए गरीब नवाज़ कमेटी द्वारा रैली का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर हाजी अब्दुल कय्यूम अंसारी (सरपरस्त), मो.जाकिर भाई (सरपरस्त), हाजी इरशाद अंसारी (मुतवल्ली), शेख शफ्फु (नायब मुतवल्ली), सैय्यद अशरफ़ अली (सचिव), आबिद अंसारी (कोषाध्यक्ष), इस्लाम अंसारी, मिनाज खान, जावेद मेमन, अब्दुल मुकीम अंसारी, नईम खान, मोहम्मद शब्बीर, इकबाल अहमद, एजाज़ अंसारी, मोहम्मद जायसी, अब्बास जायसी, नजरू जिन्दरान, मोहम्मद सकील,शेख फरीद, नदीम अंसारी, मोहम्मद रफी अंसारी, मोहम्मद अय्युब अंसारी, साहिल खान, हबीब खान बब्बू भाई,पुक्कू भाई , शेख सरीफ, आजम खान, गुलबहार शाह, रज्जाक अंसारी, उमर कुरैशी, इमरान शाह, इमरान अली, अरसद खान, शेख रज़ा, मो.एजाज, शेख वसीम, सैय्यद अज़हर, मोहम्मद जावेद, रफिक ऐबानी, नट्टू जायसी, तस्लीम खान, जाकिर जायसी सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।

## 25 कर्मचारियों की बर्खास्तगी के बाद भड़का आक्रोश



पेंड्रा। छत्तीसगढ़ के एनएचएम अधिकारी और कर्मचारी संविदा प्रथा को खत्म कर नियमितीकरण और अन्य मांगों को लेकर 18 अगस्त से हड़ताल पर हैं। अपनी मांगों के पूरा ना होने व 25 कर्मचारियों की बर्खास्तगी के विरोध में प्रदेश भर के एनएचएम के 16 हजार कर्मचारियों ने सामूहिक इस्तीफा देने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में जीपीएम जिले के एनएचएम के अधिकारी और कर्मचारियों ने भी सीएमएचओ को अपना सामूहिक त्यागपत्र सौंप दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 13 अगस्त को हुई बैठक में 10 में से 5 मांगों को मंजूरी दी गई थी, लेकिन हड़ताल जारी रहने पर सरकार ने 25 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया, जिसके बाद इन कर्मचारियों का आक्रोश और बढ़ गया। वहीं अपनी मांगो के पूरा ना होने के विरोध में 16 हजार कर्मचारियों ने सामूहिक इस्तीफा देने का फैसला किया है। संघ ने प्रेस नोट में कहा कि, चुनाव घोषणा पत्र में किए गए वादों को लागू न करने, और आंदोलनरत कर्मचारियों पर बर्खास्तगी जैसी कार्रवाई के खिलाफ यह कदम उठाया जा रहा है। आज सामूहिक इस्तीफा देने के बाद हमारा यह आंदोलन और उग्र हो जाएगा।

## एनएच पर नाली निर्माण नहीं होने से बढ़ी लोगों की मुसीबत




बेलतरा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा नेशनल हाईवे 111 बिलासपुर-पथरापाली के निर्माण दौरान बेलतरा बस स्टैंड चौक में नाली निर्माण हेतु लगभग 200 मीटर लंबा गड्ढा खोदा गया था, ताकि उक्त गड्ढे में पक्की नाली निर्माण कर सड़क के पानी की निकास की जा सके। परंतु राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने उपेक्षापूर्ण कार्य करते हुए गड्ढा तो खोद दिया गया, लेकिन आज तक नाली का निर्माण नहीं कराया गया। इसके कारण उक्त गड्ढा का आकार बड़े नाले की भांति हो गया है, जिसके कारण मुख्य बस्ती मार्ग चौक में स्थित होने के कारण आए दिन वाहन गड्ढे में गिरकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। साथ ही उक्त गड्ढे में पानी भरने के कारण आस-पास के व्यापारियों अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उक्त गड्ढे में लगातार पानी भराव होने के कारण मच्छर के लार्वा तैयार हो रहे हैं, जिससे भविष्य में संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका भी है।

**क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग-** बेलकरा सरपंच सुरेश कश्यप का कहना है कि, क्षेत्र के विधायक को इस संबंध में विस्तृत जानकारी दे दी गई है। उन्होंने आश्वस्त किया है कि, जल्द ही कार्य प्रगति पर होगा। बेलतरा उत्तर मंडल अध्यक्ष मणिदास मानिकपुरी का कहना है कि, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला से कार्य संपन्न कराने की मांग की गई है, जिसके स्वीकृति की प्रक्रिया चल रही है। विधायक का कहना है कि, निमार्ण कार्य के लिए राशि जल्द से जल्द स्वीकृत कराई जाएगी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी समन्वयक ग्रामीण शीतल दास मानिकपुरी ने कहा कि, ग्राम पंचायत बेलतरा में नाली निर्माण स्वीकृत किया गया था, जो आज तक नहीं किया जा सका। इसका परिणाम यह है कि, तहसील कार्यालय, साप्ताहिक बाजार, व्यवसायिक परिसर में पानी के भराव अत्यधिक से सभी परेशान हैं।

### प्रदेश के 64 शिक्षकों को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया

# जिले की शिक्षिकाओं को राज्यपाल ने किया सम्मानित




मुंगेली। जिले से राज्य शिक्षक पुरस्कार राज्यपाल अवार्ड से जिले की दो शिक्षिका सुधा रानी शर्मा एवं दुर्गा तिवारी सम्मानित हुई। राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शिक्षक दिवस के अवसर पर राज भवन के छत्तीसगढ़ मण्डपम में आयोजित समारोह में वर्ष 2024 के उत्कृष्ट शिक्षकों को राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किया। समारोह में राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने वर्ष 2024 के लिए सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

प्रदेश के 64 शिक्षकों को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिनके नामों की घोषणा शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने की। सम्मान समारोह में मुंगेली जिले की दो शिक्षिका सुधा रानी शर्मा एवं दुर्गा तिवारी को सम्मानित किया गया। जिले से शासकीय प्राथमिक शाला करही की शिक्षिका सुधा रानी शर्मा के शैक्षिक, समाज सेवा, सहित लेखन के क्षेत्र में किए गए विभिन्न कार्यों में उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए उनका चयन किया गया। बच्चों के शैक्षिक गुणवत्ता मे वृद्धि, पुतली कला के माध्यम से नवीन विषयों की जानकारी मनोरंजक तरीके से देना और स्कूल का वातावरण रूचिकर बनाने के साथ प्रत्येक बच्चे को सरकारी स्कूल के प्रति लगाव एवं सरकारी स्कूल के महत्व को जन-जन पहुंचाने मे विशेष प्रयास हेतु, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर कार्य एवं विषय आधारित प्रशिक्षण हेतु प्रदान किया गया। इन्हें मुंगेली गौरव सम्मान, उत्कृष्ट शिक्षक, आदर्श शिक्षक, नवाचारी शिक्षक के साथ ही मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण, शिक्षादूत का सम्मान मिला। पठन पाठन में रूचि के चलते उन्होंने पिछले 17 वर्षो से एक भी अवकाश नहीं लिया है।

### राज्यपाल के हाथों पुरस्कृत हुईं आरती



गौरेला। शिक्षक दिवस के अवसर पर गौरेला की शिक्षाविद एवं शास उमा विद्यालय गौरेला की प्राचार्य आरती तिवारी को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के द्वारा सम्मानित किया गया। प्रदेश की राजधानी रायपुर में आयोजित शिक्षक सम्मान कार्यक्रम में आरती तिवारी को शिक्षा के लिए किए जा रहे उनके उत्कृष्ट कार्यों और योगदान को देखते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया।

## डीएवी गोढ़ी में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस समारोह




बिल्हा। डीएवी पब्लिक स्कूल गोढ़ी में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के प्राचार्य डॉ एसएन पाण्डेय ने मुख्य द्वार पर स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने भी सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

छात्रों ने शिक्षकों के सम्मान में गीत ,भाषण एवं नाटक प्रस्तुत किए। साथ ही छात्रों ने शिक्षकों की भूमिका निभाई और प्राचार्य की भूमिका में कुमार प्रखर पाण्डेय ने शिक्षकों की महत्ता पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। इस मौके पर शिक्षकों के बीच खेल का आयोजन कराया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एसएन पाण्डेय ने कहा कि, आज हम सभी महान दार्शनिक, विद्वान और भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मना रहे हैं। यह दिन हम सबको शिक्षक की महत्ता और उनके योगदान का स्मरण कराता है।शिक्षक केवल पाठ्यपुस्तकों का ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि वे विद्यार्थियों को जीवन जीने की कला, नैतिक मूल्यों और सही दिशा भी प्रदान करते हैं। एक अच्छे शिक्षक के बिना समाज और राष्ट्र की प्रगति की कल्पना करना कठिन है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रतीक चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया। मंच संचालन डेजी निर्मलकर एवं विनीता गेंदले ने बखूबी किया। कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के सभी छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।